उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्षः 11 || अंकः19 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 08 जून-2026



अंदर के पृष्ठ पर

भाजपाइयों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण, मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिवस 4

रुड़की का इंजीनियर बना 'ढोंगी बाबा'! गंधर्व विवाह के नाम पर करता था शोषण 5

# गठबंधन की आज बैठक कौन से दल-नेता पहुंचेंगे

## कौन दे सकता है एकता को झटका, किन मुद्दों पर होगी चर्चा?

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन करीब दो साल बाद अब फिर चुनाव रणनीतियों पर चर्चा के लिए एक साथ आने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व में कई दलों और नेताओं को दिल्ली आमंत्रित किया गया है। माना जा रहा है कि विपक्षी दल सबसे पहले यूपी में अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर एकजुटता पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा नीट पेपर लीक, सीबीएसई विवाद और महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरने पर भी बातचीत होगी।

देशभर में एनडीए शासन के खिलाफ तैयार हुए विपक्षी दलों के गठबंधन- इंडिया की बहुप्रतीक्षित बैठक सोमवार (8 जून) को होनी है। इस बैठक में केंद्र की राजनीति में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के साथ अलग-अलग राज्यों के कई दलों के शामिल होने की संभावना है। हालांकि, पिछली सभी बैठकों के मुकाबले इस बार बैठक का स्वरूप कुछ अलग दिखना तय माना जा रहा है। दरअसल, एक के बाद एक लगातार चुनाव नतीजों और सत्ता परिवर्तन की वजह से कई विपक्षी दल एक-दूसरे के ही खिलाफ नजर आने लगे हैं। ऐसे में बीते वर्षों में हुई इंडिया गठबंधन की पार्टियों की मुलाकात और चर्चा दोनों में ही परिवर्तन संभव है।

सोमवार को होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक कहां आयोजित होगी? इनमें कौन से दलों की उपस्थिति की संभावना है? इनके कौन से नेता बैठक में पहुंच सकते हैं? इसके अलावा इस बार कौन से दलों ने इस विपक्षी गठबंधन से दूरी बनाने का पहले ही एलान किया है?

इस बार बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है? इंडिया गठबंधन की पिछली बैठकें कब-कहां हुई थीं और इनमें किन मुद्दों पर चर्चा हुई थी? आइये जानते हैं...

8 जून 2026 को होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित होने वाली है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के मुताबिक, यह इंडिया जनबंधन बैठक दोपहर 12 बजे शुरू होगी।

कितने और कौन-कौन से दलों के इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने की संभावना?

कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 15 विपक्षी दलों ने इस बैठक में भाग लेने के संकेत दिए हैं।

हालांकि, कांग्रेस के मुताबिक, 23 राजनीतिक दलों विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। इनमें तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी), झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस, माकपा, पीडीपी, राजद, भाकपा, टीवीके जैसे प्रमुख दल शामिल हैं। इसके

### विपक्ष की बैठक में किसके आने की संभावना



| पार्टी | कौन आएगा/आने की संभावना |
|---|---|
| कांग्रेस | मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी |
| तृणमूल कांग्रेस | ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी |
| समाजवादी पार्टी | अखिलेश यादव |
| शिवसेना (यूबीटी) | उद्धव ठाकरे |
| झारखंड मुक्ति मोर्चा | हेमंत सोरेन |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | उमर अब्दुल्ला |
| माकपा | जॉन ब्रिटास |
| पीडीपी | महबूबा मुफ्ती |
| राजद | तय नहीं |
| भाकपा | तय नहीं |
| टीवीके | तय नहीं |

### कौन-कौन से नेता इंडिया की बैठक में जुट सकते हैं?

इस बैठक में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी; सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लेफ्ट के जॉन ब्रिटास और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती समेत कई बड़े नेता जुट सकते हैं।

अलावा कुछ अन्य छोटे दलों जैसे- भाकपा-माले, आरएसपी, वीसीके, एमडीएमके, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, असम जातीय परिषद समेत कई और दलों ने इस बैठक में शामिल होने के संकेत दिए हैं। आम आदमी पार्टी (आप)- आम आदमी पार्टी ने सार्वजनिक रूप से खुद को इस गठबंधन से दूर कर लिया है और इस बैठक में उनके शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। आप ने पहले ही यह कहते हुए इंडिया गठबंधन छोड़ दिया था कि यह गठबंधन केवल 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए ही बनाया गया था।

# बैठक से एक दिन पहले ही पहुंचीं दिल्ली ममता बनर्जी ने मीटिंग भी की रद्द

» बीपीएस न्यूज



इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले तृणमूल कांग्रेस के भीतर बढ़ती असंतुष्टि ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। इसी पृष्ठभूमि में ममता बनर्जी दिल्ली पहुंची हैं, जहां शीर्ष नेताओं के साथ संगठनात्मक स्थिति पर चर्चा होने की संभावना है। हाल में बड़ी संख्या में विधायकों के अलग होने से पार्टी को राजनीतिक झटका लगा है और अब संसदीय दल में भी असंतोष की चर्चाएं तेज हैं।तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी रविवार को दिल्ली रवाना हो गईं। उनका यह दौरा विपक्षी इंडिया ब्लॉक की बैठक से एक दिन पहले हो रहा है। इस बीच पार्टी के सांसदों के बीच संभावित टूट की अटकलें भी तेज हो गई हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री के साथ राज्यसभा सांसद डोला सेन और वरिष्ठ लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी भी दिल्ली गए हैं।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी शनिवार को ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंच गए थे। पार्टी नेतृत्व ऐसे संकेतों से जूझ रहा है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायी दल पर नियंत्रण गंवाने के बाद अब यह बगावत संसदीय दल तक भी फैल सकती है।

# नेपाली विदेश मंत्री का बड़ा बयान, कहा- भारत के साथ सीमा विवाद को खुले दिल से सुलझाना चाहता है नेपाल

» बीपीएस न्यूज



नई दिल्ली। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद को काठमांडू कूटनीति के माध्यम से सुलझाना चाहता है क्योंकि अगर दोनों पक्ष खुले दिल से एक साथ बैठें तो कोई भी समस्या बहुत बड़ी नहीं है। खनाल ने कहा कि नेपाल की नयी सरकार भारत को 21वीं सदी की भू-राजनीति के विकृत, अति संवेदनशील नजरिए से नहीं देखती बल्कि दोनों देशों की समग्र समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध बनाना चाहती है।

नेपाली विदेश मंत्री की ये टिप्पणियां विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ उनकी व्यापक वार्ता के एक दिन बाद आईं। खनाल ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारत की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की, लेकिन यह यात्रा नेपाली प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह द्वारा दोनों पक्षों के बीच सीमा विवाद पर हालिया टिप्पणियों से उपजे विवाद से प्रभावित रही। खनाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, जब हम खुले मन से बैठते हैं, तो कोई भी समस्या बहुत बड़ी नहीं होती और कोई भी सीमा बहुत जटिल नहीं होती। खनाल ने की भारत की आर्थिक वृद्धि की सराहना

उन्होंने कहा,हम भारत की ओर खुले दिल से, स्पष्ट दृष्टि से और एक पारदर्शी एजेंडे-नेपाल का आर्थिक रूपांतरण, के साथ देखते हैं। खनाल ने कहा, अति-राष्ट्वादी दृष्टिकोण में लिप्त होने के बजाय, हम मुद्दों को सुलझाने के लिए शांत और आंकड़ों पर आधारित दृष्टिकोण अपना रहे हैं। उन्होंने भारत की आर्थिक वृद्धि की भी सराहना की।

खनाल ने कहा, जब हम सीमा पार देखते हैं, तो हमें एक उभरता हुआ भारत दिखाई देता है - एक ऐसा भारत जिसने वैश्विक मंच पर एक गतिशील, तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी और आर्थिक महाशक्ति के रूप में खुद को मौलिक रूप से एवं खूबसूरती से पुनर्परिभाषित किया है। उन्होंने कहा, हम महत्वाकांक्षी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से परिपूर्ण भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं।

# सात दिनों में इस्तीफा दें धर्मेंद्र प्रधान, कॉकरोच जनता पाटी मुखिया दीपके का अल्टीमेटम देशव्यापी आंदोलन का फूंका बिगुल

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले हजारों छात्रों और युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था में कमियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के लिए सात दिनों का अल्टीमेटम दिया है। इस शांतिपूर्ण आंदोलन को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का भी पूरा समर्थन मिला है।

देश की राजधानी दिल्ली का जंतर-मंतर एक बार फिर बड़े आंदोलन का गवाह बना। रविवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने केंद्र सरकार को दो टूक चेतावनी दे दी। उन्होंने साफ कहा कि जंतर-मंतर पर हुआ प्रदर्शन तो महज एक ट्रेलर था। अगर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अगले सात दिनों में इस्तीफा नहीं दिया या उन्हें पद से नहीं हटाया गया, तो यह आंदोलन देशव्यापी रूप अख्तियार कर लेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में दीपके ने शनिवार के प्रदर्शन को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह भारी भीड़ देश की शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ युवाओं और छात्रों के गुस्से का प्रतीक है। दीपके ने लिखा,



कल हजारों लोगों ने मिलकर एक नया इतिहास रचा। जंतर-मंतर पर हमारे शांतिपूर्ण प्रदर्शन ने सरकार को यह दिखा दिया कि जब आम जनता एकजुट होती है, तो उसमें कितनी ताकत होती है।

पहली बार सड़कों पर उतरा युवा

इस प्रदर्शन की सबसे खास बात यह रही कि इसमें शामिल होने वाले अधिकांश लोग पहली बार किसी आंदोलन का हिस्सा बने थे।

भीषण गर्मी और तपती धूप के बावजूद छात्र, नौजवान और बच्चे बड़ी संख्या में अपनी आवाज उठाने पहुंचे थे।

दीपके के मुताबिक, सामूहिक उपस्थिति ने लोगों को हिम्मत दी। इसी हौसले के दम पर उन्होंने शिक्षा प्रणाली के खिलाफ अपना गुस्सा खुलकर जाहिर किया। उन्होंने सभी समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि जब तक हम अपनी आवाज बुलंद नहीं करेंगे, तब तक व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं आ सकता।

# न्यू फ्रेंड्स कालोनी में लगी भीषण आग, 8 लोगों को बचाया

» धुएं के गुबार के बीच फंसे थे कई लोग

» एसी में खराबी की वजह से हुआ हादसा

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक मकान के एयर कंडीशनर में खराबी के कारण भीषण आग लग गई, जिसमें ऊपरी मंजिल पर 4 बच्चों समेत 8 लोग फंस गए। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।दिल्ली के पॉश इलाके न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी से राहत भरी खबर आई है। यहां रविवार दोपहर करीब 3-40 बजे एक मकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम बिना वक्त गंवाए तुरंत मौके पर पहुंच गई। आग बुझाने और राहत-बचाव काम के लिए दमकल की गाड़ियां तैनात की गई।

शुरुआती डर और आशंका के उलट, इस हादसे में किसी भी इंसान को चोट नहीं आई है। हालांकि, घर के अंदर मौजूद एक पालतू कुत्ता इस आग में झुलस गया, जिसे दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए तुरंत पशु अस्पताल भेज दिया है।

फायर स्टेशन ऑफिसर फूल सिंह मीणा के मुताबिक, दोपहर करीब 3-38 बजे उन्हें मकान में आग लगने का कॉल मिला था, जिसके तुरंत बाद गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया। जब टीम मौके पर पहुंची, तो नजारा काफी




डरावना था। इमारत के ऊपरी हिस्से में काले धुएं का भारी गुबार फैला हुआ था और कुछ लोग अंदर ही फंसे हुए थे, जो बाहर निकलने का रास्ता नहीं ढूंढ पा रहे थे।

दमकल कर्मियों ने अपनी जान पर खेलकर तुरंत एक्शन लिया और मकान के अंदर फंसे 4 बच्चों और 4 वयस्कों समेत कुल 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग लगने की असली वजह अपर ग्राउंड फ्लोर पर लगे एयर कंडीशनर में आई कोई खराबी थी। अधिकारियों ने बताया कि अब आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है, लेकिन एहतियात के तौर पर चार दमकल गाड़ियां अभी भी मौके पर तैनात रखी गई हैं ताकि दोबारा ऐसी कोई स्थिति न बने। इस हादसे में किसी भी तरह के जानी नुकसान न होने से प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

# मालवीय नगर अग्निकांड- बीएंडबी का शेफ भी गिरफ्तार, अब तक दो आरोपितों पर पुलिस का शिकंजा

नई दिल्ली। दक्षिणी जिले के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में हुए भीषण अग्निकांड की जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और लापरवाही व सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के पहलुओं को खंगाला जा रहा है।

दक्षिणी जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने शनिवार को बताया कि बीएंडबी में शेफ के तौर पर काम करने वाले केशव नेगी (65) को गिरफ्तार किया गया है। वह दिलशाद गार्डन क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि होटल के भीतर सुरक्षा इंतजामों, कर्मचारियों की जिम्मेदारियों और घटना के समय मौजूद परिस्थितियों के बारे में उसे क्या जानकारी थी।इससे पहले पुलिस ने बीएंडबी के मालिक लवकेश बजाज को भी गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया है कि जिस इमारत में गेस्ट हाउस संचालित किया जा रहा था, वहां अग्नि सुरक्षा से जुड़े कई गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। जांच एजेंसियां पता लगा रही हैं कि भवन में निर्धारित मानकों का पालन किया गया था या नहीं और आग लगने के बाद बचाव कार्य में किन कारणों से बाधाएं उत्पन्न हुईं।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। होटल के कर्मचारियों, प्रबंधन से जुड़े लोगों और अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही फायर सेफ्टी उपकरणों, भवन के नक्शे, लाइसेंस और अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# रसोई गैस 29 रुपए और महंगी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट का सीधा असर अब भारतीय रसोई पर पड़ने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस की कीमतों में फिर 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। पिछले तीन महीनों के भीतर आम जनता को लगा यह दूसरा बड़ा झटका है। नई दरें लागू होने के बाद अब दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है।

इससे पहले, मार्च महीने की शुरुआत में भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन के दाम बढ़ने के कारण रसोई गैस की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया था।

सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस बढ़ोतरी के पीछे अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को मुख्य वजह बताया है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत का 60 फीसदी से अधिक रसोई दूसरे देशों से आयात करता है। भारत में गैस की कीमतें सीधे तौर पर 'सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस' से तय होती हैं, जिसे सऊदी अरामको कंपनी हर महीने तय करती है।

पश्चिम एशिया के संकट और 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में आई रुकावटों की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की सप्लाई काफी कम हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 522 डॉलर प्रति टन था, जो अप्रैल आते-आते लगभग 50 फीसदी उछलकर 775 डॉलर प्रति टन पर पहुंच गया। इस वजह से भारत में एक घरेलू रसोई सिलेंडर की लागत (सप्लाई कॉस्ट) बढ़कर करीब 1,600 रुपये हो चुकी है।

# तमिलनाडु में शराब सिंडिकेट पर चला हथौड़ा, 3600 करोड़ की वसूली बंद

» बीपीएस न्यूज

तमिलनाडु में सीएम विजय की टीवीके सरकार ने एक बड़े शराब सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसमें पार्टी फंड के नाम पर करीब 3600 करोड़ की अवैध वसूली का खुलासा हुआ है; अब यह वसूली बंद कर शराब बिक्री का सारा पैसा सीधे सरकारी खजाने में जमा होगा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने सत्ता संभालते ही एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। बीजेपी ने सालभर पहले राज्य में जिस बड़े शराब घोटाले का आरोप लगाया था, उस पर अब टीवीके सरकार की शुरुआती जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। सामने आया है कि शराब की बिक्री से होने वाली कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा पार्टी फंड में जा रहा था, जिसके करीब 3600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

मुख्यमंत्री विजय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि शराब की थोक और खुदरा बिक्री में लंबे समय से चल रहे इस अनऑफिशियल कैश कलेक्शन सिस्टम को तुरंत खत्म किया जाए। उन्होंने साफ कहा है कि शराब की बिक्री से आने वाला एक-एक रुपया पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे राज्य सरकार के खजाने में जाना चाहिए। आपको बता दें कि तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन एक सरकारी कंपनी है, जिसका राज्य में शराब बेचने पर पूरा एकाधिकार है। सरकार ने इस पूरे सिस्टम को सुधारने के लिए आईएएस पूजा कुलकर्णी को नया आबकारी आयुक्त बनाया है।

मुख्यमंत्री विजय ने 5 जून को हुई कैबिनेट की मीटिंग में साफ कर दिया कि जनता के पैसे की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में पता चला है कि शराब की हर पेटी पर 90 रुपये, बीयर के हर कार्टन पर 40 रुपये और वाइन के हर कार्टन पर 20 रुपये अवैध रूप से वसूले जा रहे थे। इससे हर साल सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 5 जून को जारी सरकारी आदेश के बाद से इस अवैध वसूली को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। उन्होंने समझाया कि राज्य में हर साल शराब के लगभग 88 लाख केस खरीदे जाते थे और इसका कमीशन राजनीतिक रसूख वाले लोगों की जेब में जाता था। सीएम विजय ने अब इस पूरे सिंडिकेट को तोड़ दिया है और चेतावनी दी है कि जो भी इस भ्रष्टाचार में दोषी मिलेगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी। आबकारी मंत्री विग्नेश ने भी साफ किया कि बोतलों पर ज्यादा कीमत वसूलने का खेल अब बंद हो चुका है।

## अपनी बात....
संपादकीय ............

# खाक हुई जिंदगियां आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही हो तय

आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही हो तय

दिल्ली में मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुए अग्निकांड के बाद भले ही गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया हो, लेकिन सवाल है कि अग्निकांड में मरे लोगों का जीवन कौन लौटाएगा? आखिर देश की राजधानी में अकसर होने वाले अग्निकांडों का सिलसिला कब और कैसे खत्म होगा? क्या इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय होगी? एक बार फिर अंधे लालच और आंख मूंदे तंत्र की लापरवाही से बुधवार को एक होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई। अभी भी कई लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका भी जतायी जा रही है। घटना ने एक बार फिर होटल, गेस्टहाउस और रेस्तरां संचालन की निगरानी करने वाली व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी, निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही और तंत्र की विफलता का परिचायक है। लेकिन गाहे-बगाहे होने वाले अग्निकांडों के बावजूद तंत्र की काहिली बदस्तूर जारी है। जांच के दायरे में घटना के बाद फरार होटल मालिक ही नहीं, बल्कि वे अधिकारी भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने इसको संचालित करने के नियमों का अनुपालन नहीं किया और भवन निर्माण की स्वीकृति व उपयोग की अनुमति दी। यह जानते हुए भी कि होटल में निकासी का मार्ग बेहद संकरा है और अग्निशमन की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध नहीं हैं।

दिल्ली के होटल में हुए अग्निकांड के बारे में बताते हैं कि आपातकालीन निकासी के अभाव व सुरक्षा मानकों का पालन न होने से ज्यादा मौतें हुई। धुंआ निकलने की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी ज्यादा लोग दम घुटने से मौत के मुंह में समा गए। आखिर प्रशासन के अधिकारियों ने यह क्यों नहीं देखा कि स्वीकृत क्षमता से चार गुना विस्तार कर लिया गया है। गेस्ट हाउस के निर्माण में तमाम लाइसेंस शर्तों का घोर उल्लंघन हुआ। आपातकालीन निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग अपनी जान बचाने के लिये, बदहवासी में ऊपरी मंजिलों से कूदते नजर आए। होटल के बाहर फैले बिजली के तार और अग्निकांड में हुई व्यापक क्षति बताती है कि विद्युत सुरक्षा मानकों का भी पालन ठीक से नहीं हुआ। जाहिर बात है कि गेस्ट हाउस से होटल बनाने से, उपयोग में हुए बदलाव की निगरानी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है। यदि वर्षों से यह अवैध रूप से संचालित था, तो जांच व कार्रवाई क्यों नहीं की गई। यदि इसकी अग्नि सुरक्षा को लेकर एनओसी जारी की भी गई थी तो उसके बाद निरीक्षण व नियमों का अनुपालन क्यों सुनिश्चित नहीं किया गया? जाहिर बात है कि लाइसेंस प्राप्त करने वाले होटलों व रेस्टोरेंट की नियमित जांच करके इनके मालिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए थी। क्यों किसी भी

विभाग ने निरीक्षण व कार्रवाई की जहमत नहीं उठायी? क्या निरीक्षण करने वाले अधिकारी ले-देकर खामोश होकर बैठ गए? विडंबना देखिए कि बेसमेंट में कमरे,किचन बना दिए गए, लेकिन वेंटिलेशन व इमरजेंसी एग्जिट का कोई प्रावधान नहीं था। जिससे होटल धुंआ निकासी की चिमनी बनकर रह गया और तमाम लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। बताते हैं कि आरोपी होटल मालिक आसपास में ही कुछ पार्टनरों के साथ मिलकर तीन होटल संचालित कर रहा था और सब ही जगह आपराधिक लापरवाही नजर आई। मोटे मुनाफे के लिये लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा था। लेकिन स्थानीय प्रशासन व जवाबदेह विभाग बेपरवाह बने रहे। निश्चय ही यह स्थिति सख्त कार्रवाई के बाद बदलनी चाहिए।विडंबना देखिए कि मरने वालों में अधिकांश विदेशी लोग भी हैं, जो सस्ता इलाज कराने भारत आए थे। एक ही परिवार के आठ लोगों के अग्निकांड का शिकार होना बेहद दुखद है। विडंबना देखिए कि जिस एक मंजिला भवन को छह कमरों का गेस्ट हाउस चलाने की अनुमति मिली थी, वहां शासन-प्रशासन की नाक के नीचे एक छह मंजिला होटल बना दिया गया, जिसमें 26 कमरे और रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। जिसमें अस्सी से सौ लोगों की मौजूदगी बतायी जा रही है। निश्चित रूप से यह महज आग से जुड़ा हादसा नहीं है बल्कि होटल संचालन से जुड़े नियमों की अनदेखी।

# राजनीतिक सरगर्मियों में तेजी लाएंगे चुनाव परिणाम

विपिन सचदेवा

**विधानसभा चुनाव के पहले के आगामी छह माह पंजाब की राजनीति में बेहद सरगर्मी भरे होंगे। पंजाब नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत हुई। वहीं कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। नेतृत्व बदलाव के बीच भाजपा भी कुछ जगह जीती। इन चुनावों को विस चुनाव का पूर्वाभ्यास मानें तो कड़ा मुकाबला होगा।**

**पंजाब में होली देर से आई है- या फिर जल्दी, यह इस पर निर्भर करता है कि आप इसे किस नज़रिए से देखते हैं, जब पाते हैं कि सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) राज्य में नगर निगम चुनावों में अपनी शानदार जीत का जश्न रंगों, ढोल और मिठाइयों के साथ मना रही है। कांग्रेस काफी पीछे, दूसरे स्थान पर है, और निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन भाजपा और अकाली दल, दोनों से बेहतर रहा है।चूंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल ढिल्लों को पद संभाले अभी चंद घंटे ही हुए हैं, इसलिए पार्टी के प्रदर्शन पर कोई फ़ैसला सुनाना शायद सही न हो- ढिल्लों के अपने ही इलाके, बरनाला में उसका पूरा सफ़ाया हो गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह कि मौजूदा विधानसभा में भाजपा के दो विधायकों में से एक, मुकेरियां से जंगी लाल महाजन ने-जैसा कि मेरी सहयोगी दीपकमल कौर ने लिखा है- खुलकर अकाली दल के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया (वो जीत गया है), जबकि दोनों पार्टियों के बीच कोई गठबंधन नहीं है।**



अगर यह चुनाव वाकई इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए एक पूर्वाभ्यास है, तो यह मुकाबला बेहद कड़ा होने वाला है। कुछ लोग कहेंगे कि भाजपा ने नेतृत्व परिवर्तन करने में शायद बहुत ज़्यादा देर कर दी- इतनी देर कि दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत संधू को पंजाब में प्रस्तुत करने का मौका हाथ से निकल गया, और केवल ढिल्लों को कमान संभालने में भी काफ़ी देर हो गई। ज़ाहिर है, इस पद के लिए काफ़ी लॉबिंग हुई, क्योंकि सुनील जाखड़ ने एक साल पहले ही ऐलान कर दिया था कि उन्हें अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी नहीं निभानी। लेकिन पार्टी को इस बात से ज़रूर राहत महसूस हुई होगी कि उसने मोहाली की एक नगर परिषद, 'नया गांव' में शानदार जीत हासिल की है। यह इलाका चंडीगढ़ से बिल्कुल सटा हुआ है- और चंडीगढ़ गोल्फ़ क्लब से भी ज़्यादा दूर नहीं, वह जो अपने ऊंचे-नीचे मैदान युक्त गोल्फ कोर्स, बार और पार्किंग के साथ शहर के रईसों की पसंदीदा जगह है- जबकि 'आप'और कांग्रेस, दोनों ही, सिर्फ़ एक-एक सीट तक सिमटकर रह गई हैं।

इस चुनाव ने 'आप' और भाजपा, दोनों के भविष्य की दिशा को कमोबेश साफ़ कर दिया है-'आप'अपनी ज़मीन बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेगी, जबकि भाजपा राज्य में अपनी पैठ बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अब यह साफ़ हो गया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ही 'आप' का चेहरा होंगे। दिल्ली का राष्ट्रीय नेतृत्व, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया,कमान तो संभालेगा, लेकिन मज़बूती से पर्दे के पीछे रहकर। हर कोई बखूबी वाकिफ है कि पंजाबी लोग सबसे अलग होते हैं, न रुकने वाले बगावती, और अपनी किस्मत की बागडोर खुद अपने हाथों में लेना पसंद करते हैं। इसके अलावा, भगवंत मान पर उनके अपने ही गढ़ धुरी में लगे सभी आरोप-मसलन,गुटबाज़ी, नशे का मुद्दा, शहर का साफ़-सुथरा न होना-परिणामों पर बेअसर साबित हुए हैं। गत शुक्रवार को हुए धुरी नगर परिषद के चुनावों में 'आप' ने ज़बरदस्त जीत हासिल की।जहां तक भाजपा की बात है, यह भी उतना ही साफ़ है कि आने वाले चुनावों के प्रबंधन में आरएसएस एक अहम भूमिका निभाएगी। उसके कार्यकर्ता और 'पन्ना प्रमुख' (वह 'प्रमुख' या व्यक्ति जो वोटर लिस्ट के हर पन्ने पर लिखे प्रत्येक वोटर के नाम का हिसाब-किताब रखकर प्रभाव बनाने का काम करता है) पहले से ही ज़मीनी स्तर पर पूरी लगन से काम में जुटे हुए हैं। केवल ढिल्लों का प्रदर्शन कैसा भी रहे-उनकी घोषित सकल संपत्ति 200 से 229 करोड़ रुपये के बीच है, और दिल्ली के वसंत विहार, चंडीगढ़ के सेक्टर 9, दुबई और स्पेन के मारबेला में उनके घर हैं- इस बात का एक साफ़ पैमाना होगा कि आरएसएस ने राज्य में कितनी कड़ी मेहनत झोंकी है।सवाल यह है कि कांग्रेस आखिर करना क्या चाहती है? इस कॉलम में अक्सर इस पुरानी और बड़ी पार्टी के आपस में लड़ते गुटों की आलोचना की जाती रही है। ये सभी गुट सिर्फ दिल्ली हाईकमान की खुशामद करने की होड़ में लगे रहते हैं- जोकि वास्तव में गत सप्ताह कर्नाटक में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक करवाने में व्यस्त रहा। वहां निवर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बिना किसी हील-हुज्जत के सत्ता की बागडोर अपने नंबर दो नेता डी.के. शिवकुमार को सौंप दी है।

निश्चित रूप से, पंजाब में भी बहुत से कांग्रेसी उम्मीद भरी नज़रों से दिल्ली हाईकमान से आस लगाएंगे कि वही कुशल दांव-पेच यहां भी दोहराए। असल में, अगर कर्नाटक के अनुभव को पैमाना माना जाए, तो ऐसा लगता है कि पार्टी ने 2021 में खुद को पहुंचाए नुकसान से सबक सीखा है; उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को विधानसभा चुनाव से एक साल से भी कम समय पहले बदल दिया गया था।

दिल्ली स्थित कांग्रेस आलाकमान में अफवाहों का बाज़ार गर्म है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह केरल में मिली सफलता से उत्साह पाकर और तमिलनाडु में अपने हस्तक्षेप से प्रभावित होकर, आने वाले महीनों में पंजाब में, हिमाचल प्रदेश में (जहां पर 2027 के आखिर में चुनाव होने हैं) और 2028 के आखिर में राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा दांव खेलने को तैयार है। (इसका यह भी मतलब है कि सचिन पायलट को आखिरकार मौका मिल सकता है, क्योंकि डी.के. शिवकुमार की तरह उन्होंने भी कांग्रेस नहीं छोड़ी, जबकि उनके कई साथियों ने ऐसा किया था)।फिलहाल, बीते शुक्रवार को नगर निगम चुनावों में पार्टी का खराब प्रदर्शन साफ नज़र आया -यहां तक कि अपने प्रदेशाध्यक्ष राजा वडिंग के गढ़ में भी हार गई। जालंधर के सांसद चरणजीत चन्नी ने तो अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार तक नहीं किया। जिस इलाके में प्रताप बाजवा और सुखजिंदर रंधावा का दबदबा है, वहां के मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवारों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। और इसलिए, जब पार्टी का शीर्ष केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश के नेता दिल्ली में आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए, तो हर किसी के लिए यह साफ था कि अगर पार्टी को अपना वजूद बनाए रखना है, तो उसे कुछ कड़े फैसले लेने होंगे।अगले छह महीने काफी लंबे और मुश्किल भरे होने की उम्मीद है। एक-एक दिन गिना जाएगा। विधायक पाला बदलेंगे, कुछ अपना चुनाव क्षेत्र बदलेंगे। प्रवर्तन निदेशालय की लंबी परछाई पूरे प्रदेश पर मंडराती रहेगी। '

## यूट्यूबर शिक्षकों का मायाजाल

# व्यूज से पैसा और शोहरत कमाने का भयानक कुचक्र

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**पेरेंट्स एक बात याद रखना, उम्मीद एक बार मुँह फेर लें तो सफलता कभी नहीं आती इसलिए बचिए इन दो कौड़ी के नक्कालो से जो यूट्यूबर शिक्षक यूट्यूब एजुकेशन के नाम से एजेंडा चला कर बच्चों को मोबाईल स्टडी का आदी बना रहे। यूट्यूब पर कुछ भी परोस कर व्यूज जुटाने और पेआउट कमाने वालों के दुखती रग पर जैसे ही जाबांज पत्रकार अंजना ओम कश्यप ने हाथ रखा यूट्यूबर बिलबिला उठे। खान सर के नाम से मशहूर फैजल खान की पोल खुल गई। जेल जाने तक की नौबत आ गई उधर रौशन आजाद यादव ने भी खूब बवाल काटा। पूरा बिहार अंजना ओम को कह उठा वाह दीदी वाह, तुमने तो धो के रख दिया इन धोखेबाज सड़ जी लोगो को !**



शिक्षा के नाम पर प्राइवेट स्कूलों से लेकर यूट्यूब तक को व्यवसाय बना चुके लुटेरों को जैसे ही बेनक़ाब किया गया सभी मिमिया उठे। आखिर क्या गलत बोल दिया अंजना ओम कश्यप ने ! दो कौड़ी को दो कौड़ी ही बोला जाना चाहिए, और इस तरह कई सड़ जी तो पढ़ाने के नाम पर छात्रों को मोबाईल का आदी बना रहे। बिहार के फ़ौजी डॉक्टर की बेटी अंजना कश्यप पहले डॉक्टर बनने की तैयारी की फिर डीएम बनना चाहा, लेकिन लुटेरों की वज़ह से बन नहीं पाई तो अब इनको बेनक़ाब करने के मुहिम में है और अब जब वह नामी पत्रकार बन गई है तो दो कौड़ी के लोगो को चुभ रही। पहले जी न्यूज़ फिर न्यूज़ 24 और 2012 में सबसे तेज आज तक के लिए लंबी पारी खेलने वाली अंजना एक तेज तर्रार सामाजिक चिंतक भी है।

हर साल कांग्रेस गठबंधन की गिरती सत्ता या भाजपा की अराजकता.. चुनाव की चक्कलस या नेताओं के घोटाले, गिरता रुपया, डायन होती महंगाई सब पर बेबाक अंजना आई और छा गईं। कभी टू जी घोटाले पर गरजीं तो कभी रूपये की पतली हालत पर बरसीं, लगता था सबसे तेज को वाकई तेज मिली है। अंजना के अक्स में कभी फ़ौजी पिता तो कभी आईपीएस पति की ईमानदारी दिखती तो है। हिंदुस्तान में नए युग की शुरुआत का साल 2014 जिसमें मीडिया में गोदी मिडिया का बोलबाला हुआ, जो सच लिखें बोले वह गोदी मिडिया कहलाता और जो विपक्ष के लिए लिखें वह निष्पक्ष कहलाता। तमगा देता कौन था ! प्रियंका भारती, राजकुमार भाटी, अनुराग भदौरिया, इत्यादि जिन्हें निष्पक्ष का नि तक नहीं पता । उनके अनुसार सबसे तेज वाले भी गोदी में चले गए।

इसके साथ बदल गई कई धारणाएं, बरसना तो जारी था, मगर घोटालों पर नहीं अब मुद्दों पर, विपक्ष पर नहीं अब एजेंडो पर, ईमानदारी पर नहीं अब बेईमानो पर ! तेवर भी दिखता है लेकिन अब केवल मूल मुद्दों के लिएज कभी-कभी तो ऐसा लगता रहा कि दीदी अब मुद्दों की लड़ाई लेकर बैठी हैं। सरकार पर सवाल उठाने वालों को विपक्ष निपटा रहा और सिस्टम पर सवाल उठाने वालों को पक्ष निपटा रहा। कोई सवाल उठाकर तो देखें ! भाजपाई प्रवक्ता नोटबंदी का समर्थन से लेकर साहेब के हर कदम पर न्योछावर होने में कोई कसर नहीं छोड़ते पर अंजना ने किसी को नहीं छोड़ा।

पिछले दिनों बंगाल चुनाव याद है ना, 10 रूपये की झालमुड़ी से सरसों के तेल की खुश्बू का अहसास पूरे देश को करवा दिया इसी मिडिया ने और इसकी ताकत ऐसी की ममता ताकती रह गईं। हाथ में झालमुड़ी के पैकेट को लेकर बात शुरू की और ऐसे चबाया कि विपक्ष की फौज भी पानी-पानी हो गई।

बड़ी मेहनत से खोजकर लाई मुद्दों पर बेबाक हो और पूरे देश को बता रही कि ये बात सबकी बात है। विपक्ष झालमुड़ी निपटी तो मेलोडी क्यों चॉकलेटी शुरू कर दिया जबकि अंजना जनहित के मुद्दों पर बोलती रही। नीट पर हुआ प्रहार, चाटुकारिता बनीं ढाल, सबने अलापा दो कौड़ी का राग अंजना ने सवाल पूछा, 22 लाख बच्चों की परीक्षा नीट का पेपर लीक हुआ हर तरफ से सरकार पर हमले होने लगे कई बच्चों का डॉक्टर बनने का सपना टूटा तो जान दे दी इसका जिम्मेदार कौन कोचिंग संस्थान जिन्होंने पैसे देकर अपने छात्रों के लिए पेपर आउट कराए। विपक्ष से लेकर लूट तंत्र तक के जिम्मेदारों ने तो बस विरोध का कंबल ओढ़ रखा है । इंतजार मामला ठंडा करने का हो रहा था , लेकिन लाखों बच्चों को मोटी फीस लेकर पढ़ाने वाले आधुनिक यूट्यूबर शिक्षक भ्रष्टाचार के तीर पर तीर चला रहे ।

नीट एसएससी रेलवे जैसे परीक्षा में घोटाले, पेपर लीक को लेकर सरकार पर बिना डरे हमला चल रहा पर कोचिंग संस्थाओं के हेड और सड़ जी को कोई कुछ नही कह रहा । कॉकरोच भी निशाने लगा रहे थे। टीवी पर मुर्गा लड़ाई में ज्यादा तवज्जो पाने वाले प्रवक्ता भी नीट पेपर लीक पर हमलावर दिखने लगे। उन्हें मुद्दा दल के चुप कराया और शिक्षकों के वार रोकने के लिए प्रवक्ता ढाल बन गए। इस तरह स्क्रिप्ट पढ़ी मानों टेलीप्रॉम्पटर अचानक बंद हो जाए और कैमरा चालू रहे। लाखों युवाओं के सपनो पर डाका डालने वाले यूट्यूबर शिक्षकों को दो कौड़ी बता डाला तो क्या गुनाह कर डाला !

इन्हे आता जाता कुछ नहीं बस व्यूज जुटाने के लिए कुछ भी उलूल जुलूल लिख बोर्ड पर एक्सप्लेनर बनते हैं। भोले भाले बच्चों को ठगते हैं। इसके बाद तो मानों भूचाल आ गया।


सब तरफ से दीदी पर निशाने चल रहे हैं। एक मैडम तो बच्चों के सामने फूटी कौड़ी ले आईं और बता दिया हम दो कौड़ी के क्यों है ! अब सबसे तेज की किरकिरी भी हो रही है। शिक्षक लॉबी बौराई तो सबसे तेज वालों को भला बुरा पर उससे क्या हुआ !

उल्टे टीआरपी बढ़ गई। यह कोई नहीं दिखाता की साक्षात्कार पैनल में बैठे सड़ जी कितने पैसे लेकर चयन करते है ! दावो के अनुसार वैकेंसी की सीटे पहले से मंत्री नेताओं ले रिस्तेदारों को बेचे जाते है। चलते हैं उन मुद्दों की ओर जो अभी उठे ही नही जैसे कठिन सवाल पूछने वाली अंजना दीदी घेरी जा रही हैं।

मोबाइल पर गरीबों को मुफ्त में पढ़ाने का दावा करने वालों का काला सच उजागर हुआ तो अंजना पर ही कीचड़ उड़ेल दिया।

इन्हे लगता है दीदी इनके खिलाफ एजेंडा चलाना चाहती हैं मगर सबसे तेज, और बाल बच्चे वालों को तो देखना चाहिए कि लूट कहाँ से कहाँ तक पहुंचा ! कम से कम थोड़ा लिहाज तो रखते। ऐसा न हो कि इन दो कौड़ी वाले के साथ कॉकरोच की फौज भी खड़ी हो क्यूंकि आजकल सस्ती लोकप्रियता का दौर चल रहा। ये सब सबसे तेज पर हमला बोल दे। मोबाइल से ऐसा लिखना शुरू कर दे कि भरोसा सबसे धीमा हो जाए वैसे भी भरोसा टूट रहा था, अब और घट गया।

### बंगाल में टीएमसी में बगावत, कई नेता बीजेपी में शामिल हुये



# सीमांत इलाकों में लोगों के दिलों में धड़कते सांस्कृतिक-धार्मिक रिश्ते

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के सीमांत गांवों की सदियों पुरानी परंपराएं आज भी जीवंत हैं। चिटकुल और मुखबा जैसे गांवों के बीच गहरे सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध इन क्षेत्रों को एक सूत्र में बांधे हुए हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद यहां की मालाएं, वस्त्र और रीति-रिवाज पारंपरिक आत्मीयता और आस्था की अनूठी मिसाल पेश करते हैं।उत्तराखंड और हिमाचल के सीमांत गांवों की सदियों पुरानी परंपराएं बदलते सामाजिक परिवेश के बावजूद आज भी जीवंत हैं। धार्मिक आयोजन हों या पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन, दोनों राज्यों के सीमांत क्षेत्र के लोग अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित परंपराओं



को पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ निभा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में सतलुज नदी के किनारे बसे चिटकुल गांव और उत्तरकाशी जनपद के सीमांत गांवों के बीच भले ही भौगोलिक दूरी हो, लेकिन रिश्तों की आत्मीयता आज भी कायम है। सदियों पुराने सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध आज भी दोनों क्षेत्रों को एक सूत्र में बांधे हुए हैं।चिटकुल के निवासी कठिन पर्वतीय रास्तों को पार कर पैदल गंगोत्री और मां गंगा के शीतकालीन पूजा स्थल मुखवा की यात्रा करते हैं। यह परंपरा केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों के बीच सदियों से चले आ रहे सांस्कृतिक जुड़ाव और भाईचारे की भी जीवंत मिसाल है।यहां के रिश्तों की पहचान मालाओं से होती है। दो तरह की माला अतिथियों को पहनाई जाती है। एक शिरोल की माला होती है, जो अखरोट और सूखे बादामों की बनी होती है। दूसरी माला रुपये की होती है। यदि कोई नजदीकी रिश्तेदार है, तो उसे शिरोल की माला पहनाई जाती है। अन्य को रुपयों की माला पहनाकर उसका सम्मान किया जाता है। इसे 'शिरो' भी कहा जाता है। यह अखरोट, सूखे बादाम और कभी-कभी खुबानी (चिलगोजा) से बनी एक सुंदर और पौष्टिक माला होती है। यह मेहमानों को स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद देने का प्रतीक है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# जनपद प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के दिए निर्देश

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कैबिनेट मंत्री उच्च शिक्षा विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास खंड बिधनू की ग्राम पंचायत नगवां में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

माननीय मंत्री ने कहा कि शासन की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय नगवां में स्थापित स्पेस लैब का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों में विकसित हो रही वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार के प्रति रुचि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा और विज्ञान आधारित गतिविधियां बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गीता देवी पत्नी सुजीत तथा शिवानी पत्नी सुधीर की गोदभराई कराई गई। वहीं नैन्सी विश्वकर्मा और राधिका का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बालिका सुहानी का जन्मदिन भी उत्साहपूर्वक मनाया गया।

माननीय मंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को घरौनी, आयुष्मान कार्ड, अंत्योदय राशन कार्ड, मिनी किट तथा अन्य योजनाओं से संबंधित लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

माननीय मंत्री ने ग्राम प्रधान नगवां आशीष वाजपेयी को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।इस अवसर पर माननीय मंत्री ने ग्राम पंचायत नगवां में 17.46 लाख रुपये की लागत से निर्मित बहुद्देश्यीय पंचायत भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने नव निर्मित पंचायत भवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अशोक के पौधे का रोपण भी किया।

नव निर्मित भवन में 7 कक्ष, एक सभागार तथा महिला एवं पुरुषों के लिए दो-दो शौचालयों की व्यवस्था की गई है। पंचायत भवन के माध्यम से ग्रामीणों को आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आवेदन, खतौनी नकल, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) उपेंद्र पासवान, ग्राम प्रधान आशीष वाजपेयी, सीडीओ अभिनव जे जैन, डीसीपी साउथ दीपेंद्रनाथ चौधरी, सीएमओ हरिदत्त नेमी, एसडीएम नर्वल विवेक कुमार मिश्रा, पीडी डीआरडीए आलोक सिंह, डीपीआरओ मनोज कुमार, डीपीओ प्रीति सिन्हा, डीएसओ राकेश कुमार, पवन मिश्रा, लक्ष्मी शंकर बाजपेई, श्रवण कुशवाहा, उपेंद्र, तेजप्रताप सिंह, सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दिल्ली के मालवीय नगर होटल अग्निकांड के बाद यूपी में फायर सेफ्टी अभियान शुरू

## कानपुर में भी होटलो की हुई जाँच

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। दिल्ली के मालवीय नगर भीषण होटल अग्निकांड के बाद यूपी में फायर सेफ्टी अभियान शुरू कर दिया गया है। डीजी फायर के आदेश पर होटल, बार, गेस्ट हाउस और मोटल्स की सघन जांच शुरू हो गई है ।

दिल्ली के होटल अग्निकांड से सचेत होकर था भविष्य में ऐसी कोई और घटना न हो, इसके लिये दी जी फायर के आदेश पर होटलों, गेस्टहाउस में सघन जांच के आदेश के बाद कानपुर में घंटाघर क्षेत्र से फायर सेफ्टी चेकिंग अभियान की शुरुआत हो छुकि है। होटलों की फायर एनओसी और सुरक्षा उपकरणों की जांच में फायर विभाग फायर विभाग जुट गया है।होटल प्रबंधन से इमरजेंसी एग्जिट, फायर अलार्म और सुरक्षा इंतजामों पर पूछताछ की जा रही है साथ ही फायर सेफ्टी मानकों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई कारने की बात कही गई है।

बिना वैध फायर एनओसी संचालित प्रतिष्ठानों को नोटिस देने की तैयारी। की जाए रही है तथा गंभीर खामियां मिलने पर सीलिंग और कानूनी कार्रवाई भी संभव है। दिल्ली अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने सख्ती अपनाई है।




# 10% ईंधन अधिभार वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन के साथ सौंपा ज्ञापन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नियामक आयोग द्वारा गलत मानने के बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली बिलों में 10त्न ईंधन अधिभार लगाए जाने के विरोध में कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा मंडलायुक्त कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन के साथ महामहिम राज्यपाल महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन अपर मंडलायुक्त महोदया कानपुर को सौंपा गया।

महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और भीषण गर्मी की मार झेल रही है, ऐसे समय में बिजली बिलों में अतिरिक्त अधिभार लगाना जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला एवं जनविरोधी निर्णय है।नियामक आयोग ने तो इसको नियमों के विरुद्ध बता दिया है फिर भी भाजपा की सरकार और यूपी पावर कॉर्पोरेशन बिजली को और महंगी करने पर तुली है। कानपुर महानगर कांग्रेस ने मांग की कि बिजली बिलों पर लगाया गया 10त्न ईंधन अधिभार तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। साथ ही प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था और लगातार बढ़ती दरों की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ऊर्जा मंत्री से इस्तीफे की भी मांग की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, संजय शाह, दिनेश बाजपेयी, प्रमोद गुप्ता,ओम नारायण तिवारी, अजय सिंह, मुकेश कनौजिया, मो. अकील, हरिराम कटिहार, विनोद अवस्थी, राम शंकर राय, देव राय, रवि बाजपेई, धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अमिताभ दत्त मिश्रा, जितेंद्र ब्रह्म, विपिन तिवारी, राजेश सविता, इस्लाम सिद्दीकी, राजू कश्यप, रामप्रकाश तिवारी, संदीप निषाद, शांतनु दीक्षित, आशुतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दहक उठा ग्वालटोली चैराहे पर लगा ट्रांसफार्मर

» ऊंची लपटे देख घबराये लोग,कई बार इन ट्रांसफार्मर में लग चुकी आग

» ट्रासंफार्मर के पास अतिक्रमण कर बना ली गयी दुकाने, पीछे किया जाता है गैस वेल्डिंग का काम

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। थाना ग्वालटोली क्षेत्र के एक चैराहे पर रखे ट्रांसफार्मर में मंगलवार की देर रात आग लग गयी। आग की ऊंची लपटे देख लोग घबरा गये। वहीं मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाना शुरू किया। इस बीच क्षेत्र की बिजली काट दी गयी। गर्मी में लोगा परेशान रहे।

जानकारी के अनुसार ग्वालटोली मकबरा चैराहे पर लगे ट्रासंफार्मर में मंगलवार की देर रात आग लग गयी। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटे उठने लगी, जिससे आस-पास के लोग घबरा गय। चैराहे पर ही ग्वालटोली थाना है तो तत्काल पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाया। इस बीच क्षेत्र की बिजली काट दी गयी। गर्मी में बिजली कटने से लोग परेशान रहे। सुबह बिजली विभाग के कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर को ठीक करने का काम शुरू किया।

शहर की यातायात और बिजली व्यवस्था के लिए अतिक्रमण किसी काल से कम नही है। ट्रांसफार्मर के पास होने वाले अतिक्रमण के कारण कई बार दुघर्टनाये पहले भी हो चुकी है। ग्वालटोली में ही चैराहे पर लगे इस ट्रांसफार्मर के चारो ओर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, दुकाने बना ली है, इतना ही नही ट्रांसफार्मर के बगल में ही वेल्डिंग का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार खलासी लाईन चैराहे पर लगे ट्रांसफार्मर के चारो ओर सब्जी वालों का कब्जा हो चुका है।

यही नही ट्रांसफार्मर चारो ओर बनी बाउंड्री के अंदर सब्जी विक्रेता अपना सामान भी रखते है। इसी प्रकार मछलीवाला हांटा तिराहे तथा कलेक्टरगंज थाने के बगल में रखे ट्रांसफार्मर के नीचे कब्जा कर दुकाने लगायी जा रही है और बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है।

चलती स्कूटी में लगी आग

आग की एक और घटना में एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉट शर्किट होने के कारण अचानक लग गयी और देखते ही देखते स्कूटी पूरी तरह जल कर खाक हो गयी। स्कूटी के स्वामी विरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 6 महीने पहले ही उन्होने यह स्कूटी खरीदी थी। बताया कि वह अपने घर पतरसा से कम्पनी जा रहे थे कि थाना पनकी के अंतर्गत एलएमएल चैराहे पर यह घटना हुई।

# कोचिंग संचालक का संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला शव

कानपुर। थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत स्थित एक कोचिंग संस्थान के अंदर एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक किदवई नगर का रहने वाला था। शव मिल ने की सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई।थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति की संदिग्ध मृत्यु के संबंध में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि मृतक की पहचान प्रकाश चंद्र गुप्ता पुत्र स्व. रमेश चंद्र गुप्ता, उम्र लगभग 47 वर्ष, निवासी-के ब्लॉक, यशोदा नगर, कानपुर नगर के रूप में हुई है। मृतक Data E&pert Coaching Institute से संबंधित थे। कहा कि प्रकरण के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। मृत्यु के कारणों एवं घटना की परिस्थितियों का स्पष्ट निर्धारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। परिजनों के अनुसार मृतक बीती रात्रि घर नहीं पहुंचे थे तथा उन्होंने आईपीएल मैच देखने की बात कही थी। मृतक का शव कोचिंग संस्थान के अंदर पाया गया। मौके पर निरीक्षण के दौरान मृतक की एक आंख के ऊपर चोट का निशान तथा मुंह से रक्तस्राव पाया गया। घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, फील्ड यूनिट एवं अन्य संबंधित टीमें मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन एवं जांच की कार्रवाई कर रही हैं। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

# नगर निगमों की स्वायत्तता पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

## नेता सदन नवीन पंडित के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने उठाई नगर निगमों के अधिकारों की रक्षा की मांग

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। नगर निगमों की संवैधानिक स्वायत्तता एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा को लेकर भाजपा पार्षद दल ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया है। यह ज्ञापन नगर निगम भाजपा पार्षद दल के नेता सदन नवीन पंडित के नेतृत्व में भेजा गया, जिसमें नगर निगमों में उद्घाटन शिलापट्टों के नामकरण संबंधी प्रस्तावित व्यवस्था पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निगमों में उद्घाटन शिलापट्टों हेतु एक निर्धारित नामकरण प्रारूप लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्षदों का मत है कि बिना नगर निगम बोर्ड की स्वीकृति के इस प्रकार के निर्देश लागू करना संविधान की 74वीं संशोधन भावना, नगर निगम अधिनियम तथा स्थानीय स्वशासन की अवधारणा के विपरीत है। पार्षदों ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि नगर निगमों को विकास कार्यों के लिए प्राप्त होने वाली बड़ी धनराशि 15वें वित्त आयोग के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में शिलापट्टों पर वास्तविक वित्तीय स्रोतों का उचित उल्लेख होना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि केवल राज्य सरकार आधारित प्रारूप लागू करना वित्तीय पारदर्शिता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि नगर निगम एक स्वतंत्र स्थानीय स्वशासी संस्था है तथा उसके नीति निर्धारण एवं निर्णय लेने का अधिकार निर्वाचित नगर निगम बोर्ड को प्राप्त है।

नगर आयुक्त अथवा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एकतरफा नीति संबंधी निर्देश जारी करना विधिक एवं संवैधानिक मर्यादाओं के विपरीत माना जाएगा।

भाजपा पार्षद दल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रस्तावित निर्देशों को अनिवार्य आदेश के बजाय केवल परामर्शात्मक (एडवाइजरी) स्वरूप में रखा जाए, नगर निगमों में इसके क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा विषय को संबंधित नगर निगम बोर्डों के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए।

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 के प्रावधानों का भी उल्लेख करते हुए नगर निकायों की स्वायत्तता को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

नेता सदन नवीन पंडित ने कहा कि नगर निगम जनता द्वारा चुनी गई लोकतांत्रिक संस्था है और उसके अधिकारों एवं स्वायत्तता की रक्षा करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा किसी राजनीतिक विवाद का नहीं, बल्कि संवैधानिक व्यवस्था, लोकतांत्रिक अधिकारों और स्थानीय निकायों की गरिमा से जुड़ा हुआ विषय है।

ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय, नगर विकास मंत्री

उत्तर प्रदेश, महापौर कानपुर, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश एवं नगर आयुक्त कानपुर नगर निगम को भी प्रेषित की गई है। इस अवसर पर नेता सदन नवीन पंडित के नेतृत्व में पार्षद तौसीफ खान, निरंजन शुक्ला, जितेन्द्र अवस्थी, अनुराग द्विवेदी, डी.के. गुप्ता, विकास सिंह, दीपक चौहान, जीशान गुड्डा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने नगर निगमों के अधिकारों एवं स्वायत्तता की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद की।

# 40 मिनट में 60 रुपये देकर पहुंचेंगे आईआईटी से नौबस्ता

» बीपीएस न्यूज

कानपुर ।आईआईटी से नौबस्ता तक का सफर सिर्फ 40 मिनट में 60 रुपये किराया देकर तय किया जा सकेगा। यह संभव होगा कानपुर मेट्रो की बदौलत। कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) तक के लिए 29 मेट्रो ट्रेनें मंगाई गई हैं जो गुरुदेव चौराहे के पास डिपो में खड़ी हैं। हर मेट्रो ट्रेन में 200 सीटें हैं।

ये ट्रेनें गुजरात के सावली के मेट्रो कोच निर्माण केंद्र से आई हैं। नौबस्ता रूट पर 23 मेट्रो चलेंगी जबकि शेष छह आरक्षित रहेंगी। यात्रियों को स्टेशन पर छह मिनट के अंतराल में मेट्रो मिलेगी। यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) के जनसंपर्क अधिकारी पंचानन मिश्र के मुताबिक, 15 जुलाई तक आईआईटी से नौबस्ता तक मेट्रो रेल सेवा शुरू हो जाएगी। रेल ट्रैक पर अंतिम टेस्ट कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) को करना है जो इसी सप्ताह में होने की उम्मीद है।

इसके बाद 10 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी और फिर लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से पत्राचार होगा। इसके फाइनल होते ही संचालन प्रारंभ हो जाएगा। अभी आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक 16 किमी की दूरी में यात्री सेवा का संचालन हो रहा है। कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक शेष आठ किमी सेक्शन पर यात्री सेवा शुरू होते ही कारिडोर-1 का निर्माण पूरा हो जाएगा।आईआईटी से नौबस्ता तक कुल 20 मेट्रो स्टेशन हैं। सेंट्रल रेलवे स्टेशन से नौबस्ता तक मेट्रो रेल के लिए सात स्टेशन बने हैं। इनमें दो अंडरग्राउंड (झकरकटी व ट्रांसपोर्टनगर) और पांच एलिवेटेड (बारादेवी, किदवईनगर, वसंत विहार, बौद्धनगर और नौबस्ता) हैं।

आईआईटी से नौबस्ता तक 15 जुलाई तक मेट्रो रेल सेवा शुरू कर देंगे। किराए की दरें तय हो गई हैं, इस सेक्शन में हर छह मिनट में स्टेशन पर ट्रेन मिलेगी। इससे 40 मिनट के करीब 24 किमी का सफर पूरा होगा।



# जल निगम ऑफिस पर अवैध कब्ज़ा, चल रहा मदरसा और गेस्ट हाउस

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। अबरार अहमद और नियाजुल्लाह कादरी जल निगम कार्यालय पर कब्जा कर बैतूल जहरान समुदाय के नाम पर अवैध तरीके से मदरसा और गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे है।बताया जाता है कि ये दोनो दबंग किस्म के लोग हैं। जलकर विभाग ने बेगम पुरवा के छेत्रीय लोगो के लिए पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगवाई थी पानी की टंकी लेकिन कुछ सफ़ेद पोश नेता और दबंग अबरार अहमद और नियाजुल्लाह कादरी ने उसे भी कब्ज़ा कर बनाया अवैध कमाई का जरिया बना लिया है।जहाँ प्रदेश की में एक तरफ योगी सरकार अवैध जमीनो पर कब्ज़ा पर बने अवैध मदरसों और मस्जिदों पर बुलडोजर चलवाने का कार्य किया जा रहा है और अवैध कब्ज़ा धारियों पर सख्त कार्यवाही कर रही है। तो वही दूसरी ओर बाबू पुरवा थाना अंतर्गत बेगम पुरवा सफ़ेद कॉलोनी मे कुछ सफ़ेद पोश नेता और दबंगो ने सरकारी ऑफिस मे ही कब्ज़ा कर लिया। बहुत जल्द सफ़ेद पोश नेताओ के नाम जल्द ही उजागर होंगे। यह एक पूरा मामला बाबू पुरवा थाना छेत्र के बेगम पुरवा सफ़ेद कॉलोनी का है।

# मेधा को मिला सम्मान, सफलता के साथ बचत का भी मिला मंत्र

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर जनपद का गौरव बढ़ाने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के लिए सोमवार का दिन यादगार बन गया। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में जनपद के टॉपर्स को न केवल मेडल, प्रशस्ति पत्र और 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई, बल्कि उन्हें जीवन की एक महत्वपूर्ण सीख भी दी गई। सफलता के साथ बचत की आदत।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में जनपद स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 14 मेधावी छात्र छात्राओं को जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने सम्मानित किया। मंच पर जब विद्यार्थियों के नाम पुकारे गए तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

इस अवसर पर कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था स्थापित हुई है, जिसके कारण विद्यार्थियों की वास्तविक प्रतिभा सामने आ रही है। उन्होंने मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि यह सम्मान विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और लगन का सम्मान है। घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रतिभा का योगदान देने का आह्वान किया।

समारोह में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने प्रत्येक मेधावी छात्र छात्रा को एक गुल्लक भेंट की और उसमें स्वयं 20 रुपये का सिक्का डलवाकर बचत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आगे बढ़ने की शक्ति देती है, जबकि बचत और वित्तीय अनुशासन उसे जीवन में स्थायित्व प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज की छोटी बचत भविष्य में बड़े सपनों को पूरा करने का आधार बन सकती है।हाईस्कूल वर्ग में अभय शुक्ला, श्रेयश पाठक, अमन यादव, आयुष सिंह और रिया चौरसिया तथा इंटरमीडिएट वर्ग में अंजुल, अर्जुन दीक्षित, अर्पित कुशवाहा, रजत यादव, हरिओम द्विवेदी, हिमांशु, जानवी, सृष्टि बाजपेयी और आयुष सचान को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया।

समारोह में कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी, स्नातक विधायक अरुण पाठक के प्रतिनिधि अतुल दीक्षित, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन, संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि ये मेधावी छात्र छात्राएं केवल अपने परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे जनपद की प्रेरणा हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक संदेश है कि कठिन परिश्रम, लगन और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# शंकराचार्य अविमुक्तश्वरानंद पहुंचे कानपुर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव द्वारा किया गया गर्मजोशी के साथ स्वागत

» गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की माँग

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत पंहुचे कानपुर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कानपुर आगमन पर समाजवादी पार्टी (सपा) अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

सामाजिक सौहार्द और धार्मिक मूल्यों पर चर्चा स्वागत के दौरान, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव कवलजीत सिंह मानू ने शंकराचार्य जी के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करते हुए गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने कि उनकी मांग का समर्थन किया और कहा कि गाय पवित्रता की पराकाष्ठा और हमारी माता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी सरकार या पार्टी का विरोध नहीं करते बल्कि गौ माता की रक्षा के लिए आवाज उठाते रहे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा से पूरा संत समाज नाराज है।

ऐसे समय में जब देश का मुसलमान भी गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग कर रहा है तो फिर भाजपा सरकार इसमें आनाकानी क्यों कर रही है। शंकराचार्य लगातार गो-वंश की रक्षा को लेकर मुखर रहे हैं और सरकार से इस दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाने की मांग करते रहे हैं। इसी क्रम में गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत वह कानपुर पंहुचे हैं एवं वह अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने पर जोर भी दे रहे हैं।

# रिवाल्वर से निकली गोली लगने से घायल बेटी का हैलेट अस्पताल में चल रहा इलाज

» डॉक्टरों ने बताया युवती की हालत खतरे से बाहर

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बारासिरोही इलाके में मंगलवार सुबह रिवाल्वर की सफाई कर रिवाल्वर रखते समय अचानक ट्रिगर दबने से बड़ा हादसा हो गया। पिता अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर साफ कर रहे थे, इसके बाद रखते समय अचानक गोली चल गई। गोली सामने बैठी उनकी 22 वर्षीय बेटी अनुपमा तिवारी को लग गई।जानकारी के अनुसार विनय तिवारी घर में लाइसेंसी रिवाल्वर की सफाई कर रहे थे। इसके बाद रखते समय अचानक ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। गोली अनुपमा के हाथ को छूती हुई पेट में जा लगी। घटना के बाद घर में हलचल मच गया। परिजन तुरंत अनुपमा को हैलट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार युवती की हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला लाइसेंसी रिवाल्वर की सफ़ाई के बाद रखते समय गोली चलने का बताया जा रहा। युवती खतरे से बाहर है। वहीं अन्य पहलुओं की जाँच की जा रही।

# आधा दर्जन शहर के क्षेत्रों में बिजली रही बाधित



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर के आधा दर्जन क्षेत्रो में कल बिजली विभाग द्वारा शट डॉउन किया गया। केस्को कर्मचारियों द्वारा एएमयू एवं रिकन्डक्टरिंग कार्य के चलते दो से पांच घंटे के लिए बिजली बाधित रही। कार्य को समय से व ठीक से पूरा करने के लिए केस्कों द्वारा फील्ड में 28 कर्मचारियों को तैनात किया गया।

केस्कों द्वारा बिजली कार्य को कराये जाने को लेकर शहर के आधा दर्जन क्षेत्रों में शट डाउन किया गया। बताया जाता है कि केस्कों द्वारा एएमयू एवं रिकन्डक्टरिंग का कार्य किया गया। कानपुर केस्कों द्वारा इन क्षेत्रों के लोगों से अपील की गयी थी कि वह अपने आवश्यक कार्य निपटा ले। कार्य के कारण शटडाउन किया जायेगा। वहीं कार्य पूर्ण होने के उपरान्त बिजली बहाल कर दी गयी। कार्य के चलते स्वराज इंडिया, त्रिवेदी नगर, ओल्ड गुजैनी, न्यू गुजैनी, कस्टम कालोनी, दबौली व आस-पास के क्षेत्र के साथ तात्याटोपे नगर के उपकेंद्र के अंतर्गत सीपीडब्ल्यूडी व फेस-3 में शटडाउन रहा।

# 1 जून से 31 अगस्त तक कानपुर की सभी नदियाँ एवं बहती जलधाराएँ 'नो फिशिंग जोन' घोषित

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। मछलियों के प्रजनन काल की सुरक्षा तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन कानपुर नगर द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद की समस्त नदियों एवं बहती जलधाराओं को 01 जून 2026 से 31 अगस्त 2026 तक 'नो फिशिंग जोन' घोषित किया है।

जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी नदी अथवा बहती जलधारा में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ना) तथा बाड़े (घेराबंदी) लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध मछलियों के प्रजनन एवं संवर्धन को सुरक्षित रखने तथा प्राकृतिक मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से लागू किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। इसके लिए मत्स्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने तथा सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक निदेशक मत्स्य, कानपुर नगर डॉ. जितेंद्र कुमार ने सभी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के सदस्यों एवं जनपदवासियों से अपील की है कि वे मत्स्य संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा प्रतिबंध अवधि के दौरान निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही जल संसाधनों एवं मत्स्य संपदा का प्रभावी संरक्षण संभव है।

# 21 जून तक भाजपा चलाऐगी विशेष अभियान

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में कानपुर में भाजपा पांच से 21 जून तक एक विशेष अभियान चलाने जा रही है, जिसके लिए सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है।

भाजपा सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर एक विशेष अभियान कल 5 जून से शुरू किया जायेगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड के अध्यक्ष प्रकाष पाल ने बताया कि इस अभियान की तैयारी के लिए बैठकों में चर्चा कर तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। अभियान का नाम 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के रखा गया है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुपता को अभ्यिान का संयोजक बनाया गया है तथा अनिल यादव, पवन प्रताप सिंह व देवेंद्र गुप्ता और हर्श दुबे को सह-संयोजक बनाय गया है।

# अब सिर्फ एक बार होगी सेबी की यूनिफाइड केवाईसी

» बीमा, पेंशन, फंड, म्युचअल फंड व बैंक सहित सभी संस्थानों के लिए होगी मान्य

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अभी तक सरकारी विभागों में जनता को केवाईसी कराना पडता था। हर विभागों में अलग-अलग केवाईसी से जहां लोगों को परेशानी होती थी

तो वहीं बैंको में कई बार इस केवाईसी को लेकर गरमा-गर्मी तक देखने को मिलती थी। जैसे खातों में लंबे समय से न चलने पर केवाईसी कराई जाती थी, इसी प्रकार हर विभाग में केवाईसी कराई जारी ही है, लेकिन अब जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा।

केवाईसी कराने के लिए जहां एक ओर लोगों को सरकारी विभागों में जाना पडता था तो वहीं उनका समय की खराब होता था, लेकिन अब ऐसा नही होगा। एक क्रांतकारी फैसला लिया गया है। अगले माह जुलाई से सेबी की यूनिफाइड केवाईसी को देश भर में लागू करने की योजना बनाई गयी है। इससे बडा लाभ टियर-2 तथा टियर-3 शहरो के उन छोटे निवेशकों को होगा जो निवेश नही करते थे साथ ही इसके अंतर्गत कागाजों में नही बल्कि एपीआई आधारित डिजिटल वेरिफिकेशन किया जायेगा, जिसमें फेशियल बायोमेट्रिक्स का प्रयोगा होगा।

इससे धोखाधडी तथा चोरी का कोई भय नही रहेगा। यह सुधार डिजिटल फर्स्ट ग्राहकों के लिए वित्तीय पहुंच तेज करने के साथ ही उसे सुरक्षित बना देश। इससे निजी जानकारी और भी ज्यादा सुरक्षित रहेगी।

# भाजपाइयों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण, मुख्यमंत्री का मनाया जन्मदिवस

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत विभिन्न पार्कों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर बूथ संख्या-27, ब्लॉक-8 स्थित रामदेवी आर्य पार्क में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा श्रम प्रकोष्ठ कानपुर-बुंदेलखंड के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दीपू पासवान, विकास दुबे, प्रकाश वीर आर्य, पार्षद राजेश श्रीवास्तव, डा. समरदीप पांडेय, अवध बिहारी अवस्थी, मंजू कठेरिया, विनय मालवीय, विकास सब्बरवाल, अवि श्रीवास्तव, सतीश अवस्थी, सुरेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश द्विवेदी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में पति पत्नी की दर्दनाक मौत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। लगभग 10:15 बजे थाना जाजमऊ क्षेत्रान्तर्गत सोलंकी धर्मकांटा के पास सड़क दुर्घटना में पति पत्नी की दर्दनाक मौत हो ही। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस द्वारा बताया गया कि स्कूटी से सिद्धनाथ मंदिर दर्शन हेतु जा रहे पति-पत्नी, लक्ष्मीकांत शर्मा (उम्र लगभग 62 वर्ष) एवं कृष्णा देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष), निवासी सीताराम नगर अहिरवां, कानपुर नगर, सड़क दुर्घटना में दोनों की दुःखद मृत्यु हो गई। दुर्घटना से सम्बन्धित ट्रक एवं उसके चालक को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में ले लिया गया है। मृतकों के शवों का पंचायतनामा की कार्यवाही हेतु पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है। तहरीर प्राप्त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कानपुर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

» खतौनी की गलतियां सुधरीं, पेंशन और पारिवारिक लाभ के मामलों को मिली राहत

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। तहसील सदर स्थित मर्चेंट चेंबर हॉल में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई फरियादियों को मौके पर ही राहत मिली। किसी की खतौनी में दर्ज नाम की त्रुटि सुधारी गई तो किसी को पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना से संबंधित समस्या का समाधान मिला। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 143 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

समाधान दिवस में सर्वाधिक 53 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुईं। इसके अलावा पुलिस विभाग की 26, नगर निगम की 21, केस्को की 12, समाज कल्याण विभाग की 10 तथा केडीए की 9 शिकायतें दर्ज की गईं। शेष शिकायतें जलकल, खाद्य एवं रसद, स्वास्थ्य, श्रम, परिवहन, विकास और बैंकिंग सेवाओं से संबंधित थीं।

समाधान दिवस में चकेरी निवासी रूपरानी ने खतौनी में अपने पति के नाम की त्रुटि का मामला रखा। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व अभिलेखों में तत्काल संशोधन कर दिया गया। इसी प्रकार फत्तेपुर दक्षिण निवासी मालिक सिंह के नाम की प्रविष्टि भी मौके पर दुरुस्त कराई गई। दलेलपुर निवासी रामकली और राजीव विहार निवासी ऋषभ शुक्ला के मामलों में न्यायालय के आदेशों का खतौनी में तत्काल अंकन कराया गया, जिससे उन्हें राहत मिली।

समाज कल्याण विभाग से जुड़े मामलों में भी फरियादियों को राहत प्रदान की गई। रावतपुर निवासी रीता गुप्ता को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30 हजार रुपये की सहायता राशि खाते में हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। दर्शनपुरवा निवासी शोभा सिंह तथा श्याम नगर निवासी अर्चना को भी उनके भुगतान संबंधी मामलों में राहत मिली। वहीं गिल्लीपुरवा निवासी बाबूराम निषाद को अवगत कराया गया कि उनकी वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत हो चुकी है।

नजीराबाद निवासी नसीमा बेगम और शफीका बेगम के विधवा पेंशन संबंधी मामलों में तत्काल जांच कराकर आख्या जिला प्रोबेशन कार्यालय को भेजी गई। पनकी निवासी सविता पांडेय की शिकायत पर केस्को अधिकारियों ने उनके आवास के समीप स्थापित ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# तेंदुए का आतंक, युवक पर हमला कर किया घायल

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। समय-समय पर शहर के सटे क्षेत्रों में जगंली जीव-जंतु देखे जाते है। कुछ दिन पहले ही इन आस-पास के क्षेत्रों में एक तेंदुए की दहशत थी तो कहीं खेतों में अजगर आदि हिंसक जानवर देखे जाते है, जिससे मानव जीवन को खतरा हो सकता है। एक बार फिर एक तेंदुए ने महराजपुर क्षेत्र में दहशत फैला दी है।

घटना थाना महाराजपुर क्षेत्र की है, जहां अब एक तेंदुआ दहशत का परिर्याय बन गया है। तेदुंए ने सुबह फूल तोड रहे एक युवक पर हमला कर दिया, जिससे युवक के शरीर के साथ गर्दन और कंधे के हिस्से में गहरी चोट आई। युवक की चीख सुनकर ग्रामीणो ने तेदुंए को हकाया तब जाकर युवक की जान बच सकी। ग्रामीणों ने बताया कि खुला क्षेत्र होने के कारण वन्य जीवों का यहां आना सामान्य है लेकिन बडे जानवर खरता होते है। युवक की चीख सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे के साथ पहुंचे उनकी आवाज सुन तेंदुआ भाग गया। वहीं घटना की जानकारी विन विभाग को दी गयी। इस जानकारी के बाद वनविभाग के कर्मचारी सतर्क हो गये है।

# रियाजुद्दीन ने बेटे के साथ मिलकर बचाई 20 लोगों की जान

» बीपीएस न्यूज

होटल में आग लगने की सूचना मिलते ही रियाजुद्दीन मंसूरी अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने होटल के बाहर जमीन पर दर्जनों रजाइयां और गद्दे बिछाकर अस्थायी सुरक्षा कवच तैयार किया। इससे इमारत में फंसे लोगों को कूदकर सुरक्षित बाहर निकलने में मदद मिली। मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में बुधवार को आग लगने के बाद जब चारों ओर धुआं और लपटें फैल गईं, तब सामने दुकान चलाने वाले एक गद्दा कारोबारी रियाजुद्दीन ने पल भर में फैसला लेते हुए करीब दो लाख रुपये के अपने गद्दे बिछा दिए, जिससे कई लोगों की जान बच सकी।

उन्होंने कहा कि जान से बढ़कर कुछ नहीं होता। पैसा फिर आ जाएगा, लेकिन अगर किसी की जान चली जाती तो उसकी भरपाई नहीं हो सकती थी।

होटल में आग लगने की सूचना मिलते ही रियाजुद्दीन मंसूरी अपने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने होटल के बाहर जमीन पर दर्जनों रजाइयां और गद्दे बिछाकर अस्थायी सुरक्षा कवच तैयार किया। इससे इमारत में फंसे लोगों को कूदकर सुरक्षित बाहर निकलने में मदद मिली। रियाजुद्दीन के अनुसार, सुबह अचानक शोर सुनाई देने पर बाहर निकलकर देखा तो होटल की ऊपरी मंजिलों से धुआं निकल रहा था। लोग खिड़कियों पर आकर मदद की गुहार लगा रहे थे।

उन्होंने बताया कि उस समय उनके मन में सिर्फ एक ही बात थी किसी भी तरह लोगों को बचाया जाए। रियाजुद्दीन के अनुसार, मैंने जब लोगों को इमारत से कूदते देखा, तो मैंने अपनी दुकान से गद्दे सड़क पर बिछाकर करीब 20 लोगों की जान बचाई। उनके अनुसार, करीब आठ लोगों ने सीधे गद्दों पर छलांग लगाई और गंभीर चोट से बच गए। इसके अलावा कई अन्य लोगों को नीचे उतारने और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में उन्होंने मदद की। इस साहसिक कदम से रियाजुद्दीन को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। कई गद्दे धुएं और आग की चिंगारियों से खराब हो गए। रजाइयों के कवर भी बेकार हो गए। इसके बावजूद उनके चेहरे पर कोई पछतावा नहीं है। रियाजुद्दीन का परिवार करीब 40 साल से हौजरानी में गद्दों की दुकान चला रहा है।






# फ्लोरिश स्टे' में मौत का जाल? आग के बाद सुरक्षा नियमों पर उठे सवाल

» मालवीय नगर में भीषण आग के बाद
» सुरक्षा मानकों पर सवाल; बिना पर्याप्त एस्केप रूट के चल रहा था होटल, मालिक फरार,अस्पतालों में भर्ती घायलों की हालत गंभीर



दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित 'फ्लोरिश स्टे' होटल में बुधवार सुबह लगी भीषण आग ने 21 लोगों की जान ले ली, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद सामने आई शुरुआती जानकारी ने सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि जिस इमारत को दिल्ली सरकार की बेड एंड ब्रेकफास्ट (ब्क्ब्क्) नीति के तहत केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति मिली थी, उसे कथित तौर पर 25 कमरों वाले होटल के रूप में विकसित कर दिया गया था। अब जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या भवन क्षमता और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन ने इस त्रासदी को और भयावह बना दिया।आग इमारत के रेस्टोरेंट क्षेत्र से शुरू हुई

और देखते ही देखते ऊपरी मंजिलों पर बने कमरों तक फैल गई। धुएं और आग की लपटों के बीच कई लोग भवन के अंदर फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए ऊंचाई से कूदते नजर आए। स्थानीय लोगों ने नीचे गद्दे बिछाकर उनकी जान बचाने की कोशिश की। बचाव अभियान के दौरान करीब 40 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जबकि कई लोगों को बेसमेंट से बाहर लाया गया।

# 21 लोगों की जलकर दर्दनाक मौत

## 37 लोगों को सुरक्षित निकाला गया, दिल्ली सरकार अग्निकांड के पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे:खड़गे





» बीपीएस न्यूज

**नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 37 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल विभाग, पुलिस और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाया।अधिकारियों के अनुसार, आग सुबह करीब 8:50 बजे मालवीय नगर के हौज रानी इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में लगी।**

शुरुआती सूचना मिलने पर दिल्ली फायर सर्विस (छ्रस्र्) ने छह दमकल गाड़ियां और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन मौके पर भेजे। हालांकि आग तेजी से फैलने के कारण अतिरिक्त दमकल इकाइयों को भी बुलाना पड़ा।सुबह 9:16 बजे आग को ÷मेक-4÷ श्रेणी में अपग्रेड किया गया, जिसके बाद 10 दमकल वाहनों को मौके पर तैनात किया गया। इनमें वाटर टेंडर, वाटर बाउजर, क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, मल्टीपर्पज वाहन और ब्रीदिंग अपरेटस सपोर्ट यूनिट शामिल थीं।

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को आग लगने के बाद पुलिस, दमकलकर्मी और स्वास्थ्य अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को आग लगने के बाद पुलिस, दमकलकर्मी और स्वास्थ्य अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। बचाव अभियान के दौरान दमकलकर्मी धुएं से भरे बेसमेंट में पहुंचे और वहां फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें तत्काल कैट्स एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया।

इसके बाद राहत अभियान का दायरा बढ़ाया गया और पूरी इमारत में फंसे लोगों की तलाश शुरू की गई। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह 11:20 बजे तक दमकल विभाग, पुलिस और स्थानीय निवासियों की मदद से कुल 37 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी को इलाज और चिकित्सकीय जांच के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है।इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती ने सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर लिखा कि आग उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हौज रानी की एक बहुमंजिला इमारत में लगी। उन्होंने आशंका जताई कि मृतकों में बड़ी संख्या दक्षिण अफ्रीकी नागरिकों की हो सकती है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इमारत में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं।

अधिकारियों ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली के मालवीय नगर में एक रेस्तरां में आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत पर बुधवार को दुख जताया और कहा कि दिल्ली सरकार को घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के साथ पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना चाहिए।

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। खड़गे नेएक्स पर पोस्ट किया,

दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की दुखद घटना से बेहद दुखी हूं। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

## प्वाइंटर

- » आग बहुमंजिला होटल-रेस्टोरेंट भवन के निचले हिस्से से शुरू हुई।
- » हादसे में 21 लोगों की मौत और 50 से अधिक घायल होने की पुष्टि।
- » मृतकों में विदेशी नागरिक भी शामिल बताए गए।
- » कई लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदे।
- » स्थानीय लोगों ने सड़क पर गद्दे बिछाकर राहत कार्य में मदद की।
- » 37 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।
- » कुछ पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी भी झुलसे।
- » सिलेंडर ब्लास्ट और सुरक्षा लापरवाही की आशंका जांच के केंद्र में।
- » पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा घोषित।
- » पुलिस ने गैर इरादतन हत्या समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया।

# काक्रोच जनता पार्टी ने तीन राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की नियुक्ति की, शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन की तैयारी तेज




» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रही कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने संगठन के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए तीन नए प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। पार्टी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह फैसला शिक्षा और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपनी पहुंच और प्रभाव बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है।

पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, खोजी पत्रकार सौरव दास को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं राजनीतिक शोधकर्ता और फिल्म निर्माता विजेता दहियातथा पूर्व प्रबंधन सलाहकार आशुतोष रांका संगठन का प्रतिनिधित्व मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर करेंगे।

पार्टी ने कहा कि उसका उद्देश्य भारत के राजनीतिक विमर्श में बदलाव लाना है और यह जिम्मेदारी नई पीढ़ी के नेतृत्व के जरिए आगे बढ़ाई जाएगी।

पार्टी के अनुसार, सौरव दास कानूनी, न्यायिक और सामाजिक मुद्दों पर लंबे समय से पत्रकारिता कर रहे हैं। संगठन ने उन्हें नवंबर 2025 में इंडिया गेट पर आयोजित प्रदूषण विरोधी प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय भी दिया।

वहीं, अशुतोष रांका आईआईटी कानपुर और लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्सके पूर्व छात्र हैं। वे पहले वैश्विक कंसल्टिंग कंपनी के लंदन कार्यालय में कार्यरत थे। पार्टी के मुताबिक, भारत लौटने के बाद वे जयपुर में पर्यावरण, शिक्षा और युवाओं से जुड़े अभियानों में सक्रिय रहे हैं।इन नियुक्तियों की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब अभिजीत दिपके 6 जून को भारत लौटने वाले हैं। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की घोषणा की थी।पार्टी का कहना है कि वह कथित ह्रश्वश्वञ्ज पेपर लीक और छ्व्रस्श्व प्रणाली की खामियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करेगी।पिछले महीने शुरू हुई कॉकरोच जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रियता हासिल की है। शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर मुखर रुख अपनाने के कारण संगठन विशेष रूप से छात्रों और युवा वर्ग के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# साहिल हत्याकांड की रंजिश में एक और खून?

» बीपीएस न्यूज

झज्जर। फाइनेंसरों के गांव के रूप में चर्चित झज्जर जिले के डीघल गांव में एक बार फिर गोलियों की गूंज सुनाई दी। देर रात हमलावरों ने घर में घुसकर कमरे में सो रहे 52 वर्षीय दिव्यांग जितेन्द्र की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।प्राथमिक तौर पर इस हत्याकांड के तार चर्चित फाइनेंसर साहिल उर्फ सोनू हत्याकांड से जुड़े बताए जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि साहिल की हत्या का बदला लेने के लिए अब परिवार के अन्य सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है।बता दें कि साहिल हत्याकांड में गांव के योगेश उर्फ योगी और संदीप उर्फ लीला पहले से ही जेल में बंद हैं। घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें कुछ बदमाश गोलियां चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर पुलिस हमलावरों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# रुड़की का इंजीनियर बना 'ढोंगी बाबा'! गंधर्व विवाह के नाम पर करता था युवतियों से शोषण

» गोवर्धन के राधाकुंड में साधु बनकर रह रहा था आरोपी; पुलिस का दावा- 'गंधर्व विवाह' का झांसा देकर बनाता था संबंध, मोबाइल से मिले आपत्तिजनक फोटो-वीडियो



» बीपीएस न्यूज

मथुरा । उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गोवर्धन क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने खुद को धर्म गुरु बताने वाले एक कथित बाबा को गिरफ्तार किया है, जिस पर उच्च शिक्षित युवतियों को अध्यात्म और धार्मिक प्रवचनों के नाम पर अपने प्रभाव में लेकर उनका मानसिक एवं शारीरिक शोषण करने का आरोप है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ आदिकर्ता नारायण दास के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गोवर्धन के राधाकुंड स्थित शेरगढ़िया मोहल्ले से गिरफ्तार किया। मामले के सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है।

पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से ओडिशा के भुवनेश्वर का निवासी है और उसने वर्ष 2017-2021 बैच में प्रतिष्ठित रुड़की से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह पिछले चार वर्षों से मथुरा के राधाकुंड क्षेत्र में साधु के रूप में रह रहा था।

बताया जा रहा है कि वह ऑनलाइन माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता और धार्मिक विषयों पर प्रवचन देता था। इसी दौरान वह युवतियों, विशेषकर इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षित पृष्ठभूमि से आने वाली लड़कियों से संपर्क बनाता था।

'गंधर्व विवाह' का झांसा, शोषण के आरोप

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले ऑनलाइन भजन-कीर्तन और प्रवचनों के जरिए युवतियों को प्रभावित करता था। इसके बाद उन्हें अपने समूह में शामिल कर मानसिक रूप से प्रभावित करने का प्रयास करता था।

आरोप है कि वह अध्यात्म और धार्मिक मान्यताओं का हवाला देकर कथित 'गंधर्व विवाह' की बात करता था और फिर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। साथ ही, युवतियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित कर उनके परिवारों से पैसे मंगवाने के आरोप भी लगे हैं।

पुलिस को आरोपी के मोबाइल फोन से कई युवतियों की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिलने का दावा किया गया है।

मथुरा के एसपी (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, एक पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।हालिया कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आश्रम से तीन युवतियों को भी रेस्क्यू किया है। उन्हें काउंसलिंग के लिए भेजा गया है।



# टीवी सीरियल 'रंगबाज़ी दिलों की' को लेकर अभिनेत्री सुनीता पांडेय सुर्खियों में

दंगल चैनल पर प्रसारित हो रहे टीवी सीरियल 'रंगबाज़ी दिलों की' को लेकर अभिनेत्री सुनीता पांडेय इन दिनों सुर्खियों में हैं। बॉलीवुड में चारों तरफ उनकी चर्चा हो रही है। 'रंगबाज़ी दिलों की' में सुनीता एक नेगेटिव किरदार में हैं, जिसे उन्होंने अपने सशक्त अभिनय से बेहद प्रभावशाली बना दिया है। सुनीता पांडेय ने अपने अभिनय सफर की शुरुआत स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'राजा की आएगी बारात' से की थी। इसके बाद उन्होंने बैक-टू-बैक आठ टीवी सीरियल्स में काम किया और अपनी अलग पहचान बनाई।ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी सुनीता की मजबूत मौजूदगी देखने को मिल चुकी है।

हिंदी फिल्म 'कुन फाया कुन' में उन्होंने अभिनेता हर्षवर्धन राणे के साथ स्क्रीन शेयर की है, वहीं नेटफ्लिक्स पर भी वह जल्द अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। सुनीता पांडेय सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि एक मल्टी-टैलेंटेड और क्विक लर्नर भी हैं। वह कथक में प्रशिक्षित डांसर हैं और अभिनय के साथ-साथ मॉडल, क्रिएटिव डायरेक्टर और प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभा रही हैं। उनकी अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'सुरमा एंटरटेनमेंट' है, जिसके तहत बने कई क्राइम शोज़ शेमारू और अतरंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो चुके हैं।

बनारस की मूल निवासी अभिनेत्री सुनीता पांडेय शिक्षा दीक्षा मुंबई में हुई है। शुरुआती दौर में सुनीता का सपना एयर होस्टेस बनने का था, लेकिन किस्मत उन्हें अभिनय की दुनिया में ले आई। डांस से मॉडलिंग और फिर टीवी शोज़ तक का सफर तय करते हुए उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। साउथ की फिल्मों में काम करने के क्रम में निर्देशक वेंकटेश्वर श्रीराम से काफी कुछ सीखने को मिला और भविष्य में मौका मिला।

सुनीता पांडेय जल्द ही बतौर मुख्य अभिनेत्री अपनी नई तमिल फिल्म के जरिए भी दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली हैं।

यह फिल्म सस्पेंस, हॉरर, ड्रामा और लव स्टोरी का अनोखा संगम है, जिसमें सुनीता का देसी से लेकर ग्लैमरस और हॉट अवतार देखने को मिलेगा। यह उनकी आठवीं दक्षिण भारतीय फिल्म है। इससे पहले वह 'के.एस. 100', 'ओक्कड़े 1', 'कॉरपोरेट', 'लूनी' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं।

**प्रस्तुति - काली दास पाण्डेय**




# कहीं आपका हेलमेट ही तो नहीं छीन रहा आपके बाल?

सड़क पर चलते समय सुरक्षा के लिहाज से हेलमेट पहनना बेहद जरूरी है। यह न सिर्फ कानूनन अनिवार्य है, बल्कि किसी भी दुर्घटना में हमारी जान बचाने का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। लेकिन पिछले कुछ समय से दोपहिया वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं में एक बड़ी चिंता देखी जा रही है कि क्या हेलमेट पहनने से बाल झड़ने लगते हैं? अगर आपके मन में भी यह सवाल घूम रहा है तो आपको बताएंगे कि क्या सच है?

हेलमेट सीधे तौर पर आपके बाल नहीं छीनता, बल्कि उसे गलत तरीके से पहनना और उसकी साफ-सफाई पर ध्यान न देना 'ट्रैक्शन एलोपेसिया' और स्कैल्प इन्फेक्शन का कारण बन जाता है, जिससे बाल तेजी से झड़ने लगते हैं।

जब आप लंबे समय तक हेलमेट पहनते हैं, तो सिर में हवा का वेंटिलेशन रुक जाता है। जब आप बहुत टाइट हेलमेट पहनते हैं या उसे झटके से सिर पर डालते और निकालते हैं, तो बालों की जड़ों पर लगातार खिंचाव पड़ता है। इससे जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल टूटने लगते हैं।

गर्मियों और उमस के मौसम में हेलमेट के अंदर भारी मात्रा में पसीना जमा होता है। यह पसीना और स्कैल्प का नेचुरल ऑयल मिलकर बैक्टीरिया और फंगस के लिए जगह बना देते हैं। इससे डैंड्रफ, खुजली और बालों की जड़ों में सूजन जैसी समस्याएं हो जाती हैं, जो बाल झड़ने की रफ्तार बढ़ा देती हैं।हेलमेट पहनने से पहले अपने सिर पर एक साफ, सूती रुमाल, स्कार्फ या बंदना जरूर बांधें। यह कपड़ा पसीने को सोख लेता है और हेलमेट के सख्त इनर-लाइनिंग के साथ बालों का सीधा फ्रिक्शन रोकता है।हम अक्सर हेलमेट तो रोज पहनते हैं लेकिन उसकी सफाई महीनों नहीं करते है। हेलमेट के अंदरूनी पैडिंग को हफ्ते में कम से कम एक बार माइल्ड शैम्पू या एंटी-बैक्टीरियल स्प्रे से साफ करें और धूप में सुखाएं।

अगर आप नहाकर तुरंत या बालों में जेल या तेल लगाकर हेलमेट पहन लेते हैं, तो स्कैल्प में नमी लॉक हो जाती है। यह फंगल इन्फेक्शन को सीधा निमंत्रण है। हेलमेट लगाने से पहले बाल पूरी तरह सुखा लें।

हेलमेट न तो बहुत ढीला होना चाहिए और न ही इतना टाइट कि सिर में दर्द होने लगे या बाल खिंचने लगें। हमेशा

सही फिटिंग और अच्छे वेंटिलेशन वाले हेलमेट का ही चयन करें।हेलमेट को सिर पर जबरदस्ती न थोपें। पहनते और उतारते समय थोड़ा सावधानी बरतें ताकि बालों की जड़ों पर अचानक झटका या खिंचाव न आए। इसलिए इन बातों का जरूर ध्यान रखें।

# क्या आप भी रूखी और बेजान स्किन से हैं परेशान?

## जरूर अपनाएं एलोवेरा जेल लगाने का सही तरीका, आप की स्किन लगेगी दमकने, आएगा निखार

गर्मी के मौसम में ठंडी हवा और कम नमी की वजह से स्किन अक्सर रूखी और बेजान नजर आने लगती है। खासकर चेहरे की स्किन में खिंचाव आने लगता है और नेचुरल ग्लो कम हो जाता है। ऐसे में अगर आप नेचुरल और असरदार स्किन केयर उपाय तलाश रहे हैं, तो एलोवेरा जेल आपकी इस समस्या का आसान समाधान कर सकता है।



**एलोवेरा जेल क्यों है स्किन के लिए फायदेमंद**

गर्मी के मौसम में हवा में नमी कम हो जाती है, जिसकी वजह से स्किन अपनी नेचुरल मॉइस्चर खोने लगती है। इससे स्किन ड्राई, खुरदुरी और टाइट महसूस होती है। कई बार स्किन डल भी दिखने लगती है, जिससे चेहरे की चमक कम हो जाती है। एलोवेरा में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

ये तत्व स्किन को गहराई से पोषण देने के साथ-साथ उसे हाइड्रेट रखते हैं। एलोवेरा जेल स्किन को सॉफ्ट बनाता है और उसकी खोई हुई नमी को वापस लाने में मदद करता है।

**चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से पहले क्या करें**

एलोवेरा जेल लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह साफ करना जरूरी होता है। सर्दियों में आप गुनगुने पानी से चेहरा धो सकते हैं,

जिससे पोर्स खुलते हैं और स्किन पर जमी गंदगी निकल जाती है। बेहतर रिजल्ट के लिए माइल्ड फेसवॉश का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

**एलोवेरा जेल लगाने का सही तरीका**

चेहरा धोने के बाद उसे हल्के हाथों से पोंछ लें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि स्किन पर थोड़ी नमी बनी रहे। अब हथेली पर थोड़ी मात्रा में एलोवेरा जेल लें और

उंगलियों की मदद से चेहरे और गर्दन पर सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। इससे जेल स्किन में अच्छी तरह एब्जॉर्ब हो जाता है। आप इसे रात के समय भी लगा सकते हैं।


**एलोवेरा जेल के साथ क्या मिलाकर लगाएं**

ड्राई स्किन वालों के लिए एलोवेरा जेल के साथ नारियल तेल या बादाम तेल मिलाकर लगाना फायदेमंद हो सकता है। इससे स्किन को

पोषण मिलता है और लंबे समय तक नमी बनी रहती है।

रोजाना रूप से एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से चेहरे पर नेचुरल निखार भी नजर आने लगता है।

# गैस एसिडिटी का रामबाण इलाज हैं ये 5 सुपर फूड्स, पेट को भी मिलेगा फौरन आराम



सर्दियों के मौसम में पाचन को धीमा कर देता है। इस दौरान लार का उत्पादन कम होता है। सर्दियों में लोगों को भारी और मसालेदार खाने की इच्छा होती है, जो एसिड रिफलक्स की समस्या का कारण बनती हैं।

हेल्दी डाइट अपनाने से पेट को आराम मिलता है और एसिडिटी की समस्या से बचाव किया जा सकता है। पाचन से जुड़ी परेशानियों को कम करने के लिए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए जो हल्के हों और आसानी से पच जाएं। इस लेख में हम उन 5 खास चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका सेवन करने से सर्दियों के मौसम में एसिडिटी की समस्या से राहत मिल सकती है।

**हर्बल चाय का सेवन करें**

ठंड के दौरान एसिडिटी से बचने के लिए हाइड्रेशन जरुरी है। सौंफ, अदरक या कैमोमाइल टी पिएं। ये एसिड के स्राव को रोकते हैं।

सर्दियों में ज्यादा कैफीन, चॉकलेट या तले हुए खाने से बचना चाहिए। कम खाना खाएं और उसे सीधे बैठकर खाएं। रात में बेड का सिरहाना 6 से 8 इंच ऊपर रखकर सोएं।

**ओट्स और साबुत अनाज खाएं**

हेल्थ एक्सपर्ट ने बताया है कि एसिडिटी से बचने के लिए एक बाउल केले या सेब के साथ ओटमील खाएं। इससे शरीर को घुलनशील फाइबर मिलता है जो पेट के अतिरिक्त एसिड को सोख लेता है और पाचन को दुरुस्त करता है। ओट्स का बीटा-ग्लूकन भोजन नली में एक सुरक्षा परत बनाता है जो सर्दियों में पेट की समस्याओं से निजात दिलाता है।

**खट्टे फल न खाएं**

ठंड के मौसम में खरबूजा, पपीता, नाशपाती जैसे खट्टे फलों का सेवन न करें। ये कम एसिड वाले फल होते हैं इनमें एंजाइम भरपूर मात्रा में होता है। पपीते में मौजूद पपैन प्रोटीन को ब्रेक करने में मदद करता है जिससे एसिड जमा नहीं होता है। संतरे या अनानास का सेवन नहीं करना चाहिए।

**सर्दियों में सब्जियों को प्राथमिकता दें**

हेल्थ एक्सपर्ट में बताया है कि सर्दियों में सब्जियों का सेवन करें जैसे कि- गाजर, पालक और स्टीम्ड ब्रोकली का सेवन करें, इनमें मैग्नीशियम और पोटैशियम मौजूद होता है

जिससे एसिड रिफ्लक्स की समस्या दूर होती है। शकरकंद को भूनकर या मैशकर खाएं। ये पीएच लेवल को स्थिर रखता है।

**डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करें**

एसिडिटी से बचाव के लिए डेयरी के हल्के और सेहतमंद विकल्पों को अपनी डाइट में शामिल करना फायदेमंद होता है।

बादाम का दूध और कम वसा वाला दही इसके अच्छे विकल्प हैं। दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स पेट की अंदरूनी परत को शांत रखने में मदद करते हैं और पाचन को बेहतर बनाते हैं।

अगर दही को अदरक के साथ लिया जाए, खासकर ग्रीक दही, तो यह पेट की सूजन को कम करने में सहायक होता है।

वहीं अदरक एसिड रिफ्लक्स की समस्या को भी नियंत्रित करने में मदद करता है।

खाने के बाद सौंफ चबाएं, इसमें मौजूद एनेथॉल कंपाउंड जीआई मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है




# जीआरपी ट्रेनों में झपटमारी करने वाले दो शातिर चोरो को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जीआरपी पुलिस ने रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों के आउटर पर यात्रियों के मोबाइल फोन और कीमती सामान उड़ाने वाले एक बेहद शातिर

गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज प्रशांत वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कामयाबी मिली है।

बताया जाता है कि तड़के करीब 03=10 बजे जीआरपी कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हैरिसगंज रेलवे पुल के पास पीपल के पेड़ के पास से घेराबंदी कर दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया इनके पास से विभिन्न कंपनियों के 3 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग एक लाख पचास हजार है घटनाक्रम के मुताबिक हैरिसगंज रेलवे पुल के पास, टाटमिल चौराहे की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से दिनांक 06.06.2026 को समय करीब 03=10 बजे गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों ने पूछताछ में कुबूल किया कि वे रेलवे स्टेशनों के आउटर पर घात लगाकर बैठते थे जैसे ही ट्रेन धीमी होती, वे खिड़की या दरवाजे के पास बैठे यात्रियों के हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो जाते थे अभियुक्तों के कब्जे से कुल 03 चोरी के मोबाइल फोन (मोटोरोला, सैमसंग और रियलमी कंपनी) बरामद हुए, गिरफ्तार आरोपी रोहित उम्र 32 वर्ष निवासी दादा नगर कच्ची बस्ती इसके खिलाफ कानपुर और गाजियाबाद जीआरपी में चोरी, गैंगस्टर, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के कुल 26 संगीन मामले दर्ज हैं।

राजू कुमार उम्र 34 वर्ष निवासी मंगलपुर कानपुर देहात, इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, व0उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौकी प्रभारी गोविन्दनगर, उपनिरीक्षक तेज बहादुर यादव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार मौर्य सहित मुख्य आरक्षी वैश खान, हरिपाल यादव, दीपक यादव, शिव सिंह तथा आरक्षी सत्येन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार व दीपक यादव शामिल रहे जीआरपी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर नगर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह का कल्याणपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों समेत तीन बाल अपचारियों को चिन्हित करते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं ।डीसीपी पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की छह टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन बाल अपचारियों की भी संलिप्तता सामने आई है।वही पूछताछ में आरोपियों ने कई बंद मकानों को निशाना बनाने की बात कबूल की।गिरोह रात के समय ऐसे घरों की रेकी करता था, जिनमें कोई नहीं रहता था या जिन पर ताला लगा होता था। इसके बाद मौका मिलते ही मकानों में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और कीमती सामान चोरी कर लिया जाता था।

## बाइक-साइकिल की भिड़ंत, दो घायल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। भोगनीपुर निवासी वीरेंद्र साइकिल से पुखरायां की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जब वह सिखमापुर गांव के पास पहुंचे,

तभी अकबरपुर की ओर से आ रही बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। बाइक विवेक निवासी गौराडांडा चला रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार वीरेंद्र और बाइक चालक विवेक दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है।

# डीएफसी लाइन पार करते वक्त मालगाड़ी की चपेट में आए बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर रूरा और रोशनमऊ स्टेशन के बीच एक दर्दनाक हादसे में बुजुर्ग की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार रूरा थाना क्षेत्र के कठारा गांव निवासी 60 वर्षीय राम सिंह पाल घरेलू रोशनमऊ जा रहे थे। पतरा रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन के खंभा संख्या 527/17 के निकट डीएफसी लाइन पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मालगाड़ी चालक ने भाऊपुर स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद मेमो के माध्यम से थाना पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पर थाना प्रभारी सुधीर भारद्वाज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।





## नशे की लत ने बनाया हैवान- बहन से कर रहा था अभद्रता, बीच-बचाव कराने आई मां को क्यारी में पटक कर मार डाला

» बीपीएस न्यूज

बांदा। नशेबाज बेटे ने मां को क्यारी में पटक कर मार डाला। शराब के रुपये के लिए बहन से विवाद कर रहा था। मां ने बीच-बचाव किया तो हमलावर हुआ। देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव में शराब के नशे में धुत बेटे ने अपनी वृद्ध मां को फूलों की क्यारी में पटक दिया। सिर पर क्यारी की ईंट से आई चोट से वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी पुत्र फरार हो गया। बहन का शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेने के साथ ही आरोपी को गांव से ही धर दबोचा। गांव निवासी 75 वर्षीय रामरती पत्नी मुनवा रविवार रात नौ बजे घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान उनका पुत्र पप्पू उर्फ राधाचरण शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी बहन गुड़िया से और शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये न मिलने पर उसने बहन से अभद्रता और हाथापाई शुरू कर दी। भाई-बहन के बीच झगड़ा देखकर बाहर बैठीं रामरती बेटे को समझाने वहां पहुंचीं।

गुड़िया का आरोप है कि बीच-बचाव करने से गुस्साए पप्पू ने मां को पास में बनी फूलों की क्यारी में सिर के बल पटक दिया। क्यारी की ईंट सिर पर लगने से वृद्धा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय घर से बाहर गए वृद्धा के पति मुनवा जब लौटे तो बच्चों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर देहात कोतवाली प्रभारी चंद्रप्रकाश तिवारी ने पहुंचकर छानबीन और पूछताछ की।

पिता मुनवा की तहरीर पर आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी पप्पू को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गांव से दबोचा है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# सरवनखेड़ा के देहात में लगाया गया प्याऊ, मिली राहत

**» प्रभारी बीडीओ विमल सचान व एडीओ पंचायत रिचा सचान की पहल**

» बीपीएस न्यूज




कानपुर देहात। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए विकासखंड सरवनखेड़ा कार्यालय परिसर में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था शुरू की गई है। यह व्यवस्था प्रभारी खंड विकास अधिकारी विमल सचान एवं प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रिचा सचान की पहल पर कराई गई है। इससे कार्यालय आने वाले ग्रामीणों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य आगंतुकों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।विकासखंड कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में

ग्रामीण विभिन्न सरकारी कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में पहुंचते हैं। ऐसे में भीषण गर्मी

के दौरान लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई है। प्याऊ शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिली है।

प्रभारी बीडीओ विमल सचान ने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। वहीं एडीओ पंचायत रिचा सचान ने बताया कि कार्यालय आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सहज रूप से शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके, इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है।

ग्रामीणों और कर्मचारियों ने इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में शीतल पेयजल की उपलब्धता राहत प्रदान कर रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, ब्लॉक कर्मी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर राजपुर नगर पंचायत में वृक्षारोपण



» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजपुर नगर पंचायत परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी (ईओ) नीति त्रिपाठी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष (चेयरमैन) अंशुत्रिपाठी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। ईओ नीति त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। इस अवसर पर नगर पंचायत के बाबू सहित कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

**» अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नकलविहीन परीक्षा कराने के दिए निर्देश**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों (सीधी भर्ती-2025) की आगामी परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने अकबरपुर महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, पुलिस बल की तैनाती तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की नकल, अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अभ्यर्थियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि कानून एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## पुलिस के सामने महिला डॉक्टर को घेर गाड़ी का शीशा तोड़ा जांच में जुटी पुलिस

» बीपीएस न्यूज

कानपुर । केशवपुरम के पॉश इलाके में इंटीरियर फर्म संचालक ने अपने साथियों व परिवार के साथ क्लीनिक से घर जाने के लिए शनिवार रात निकलीं महिला डॉक्टर को घेर लिया। डॉक्टर ने खुद को किसी तरह गाड़ी के अंदर बंद कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद भी मनबढ़ 25-30 लोगों ने पुलिस के सामने ही जमकर गालीगलौज करने के बाद ईंट से उनकी कार का शीशा तोड़ दिया।महिला डॉक्टर को कॉलर पकड़ कर घसीटा। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जुट गई। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई जहां दूसरा पक्ष डॉक्टर पर क्लीनिक में कराए गए काम के रुपये न देने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। रविवार को घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए जिसमें आरोपी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करते और पुलिस के सामने गालीगलौज करते नजर आए। केशवपुरम निवासी महिला होम्योपैथिक डॉक्टर हैं। घर से कुछ दूरी पर वह वर्ष 2019 से क्लीनिक चला रही हैं।डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पड़ोसी दुकानदार से क्लीनिक के इंटीरियर का कराया था। काम उम्मीद के मुताबिक नहीं किया गया तो दुकानदार से नाराजगी जताई। 45 हजार रुपये का भुगतान कर घटिया काम को लोगों को दिखाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दुकानदार खुन्नस रखे था। आरोप है कि वह लोगों की भीड़ लेकर क्लीनिक के बाहर बैठने लगा और आने वाले मरीजों से डॉक्टर के लिए अश्लील टिप्पणी करने लगा।डॉक्टर के मुताबिक शनिवार रात क्लीनिक बंद की तो भाई और डॉक्टर बहन दीपिका शुक्ला उन्हें कार से लेने आए। कार में बैठ ही रही थी तभी आरोपी ने कार को घेर लिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई लेकिन आरोपियों ने पुलिस के सामने ही कार के पीछे का शीशा तोड़ दिया। आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के मुताबिक क्लीनिक में किए गए कार्य के डॉक्टर ने रुपये नहीं दिए। इसे लेकर ही विवाद हुआ। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। सीसीटीवी कैमरे और घटनास्थल पर बने वीडियो के आधार पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# तीन साल की बालिका से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**» एडिशनल एसपी सीओ थाना प्रभारी मौके पर की जांच पड़ताल**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। मंगलपुर थाना क्षेत्र में एक ढाई वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है।पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस को शुक्रवार को डायल 112 पर सूचना मिली कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ढाई वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेश दुबे और वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

क्षेत्राधिकारी सौरभ वर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान 50 वर्षीय शिव प्रसाद के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूँछतांछ शुरू कर दी है।घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया था। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता की हालत अब सामान्य बताई जा रही है।क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही लगातार जारी है।

# विश्व पर्यावरण दिवसः कानपुर में एक दिन में रोपे गये पौने छह लाख पौधे, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया पौधारोपण

» बीपीएस न्यूज़

कानपुर के प्रभारी मंत्री एवं सांसद रमेश अवस्थी, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी तथा पूर्व मंत्री एवं कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में शुक्रवार को पौधरोपण महाअभियान के तहत एक ही दिन में रिकॉर्ड 5.75 लाख पौधे रोपे गए। जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा हरित भविष्य का संदेश दिया गया।मातृभूमि के पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हरित उत्तर प्रदेश-स्वच्छ उत्तर प्रदेश% संकल्प के अंतर्गत यह विशेष अभियान चलाया गया।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, कानपुर एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में किदवई नगर बाईपास रोड



स्थित बाबू पुरवा ग्रीन बेल्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं कानपुर के प्रभारी मंत्री एवं सांसद रमेश अवस्थी, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी तथा पूर्व मंत्री एवं कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त तथा प्रभागीय वनाधिकारी ने अतिथियों और जनप्रतिनिधियों का रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य कार्यक्रम के दौरान बाबू पुरवा ग्रीन बेल्ट में एक हजार से अधिक छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। अभियान को सफल बनाने में वन विभाग, नगर निगम, नमामि गंगे, गंगा टास्क फोर्स, जिला गंगा समिति तथा वृक्षारोपण समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।इस महाअभियान का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया गया। घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरोज कुरील तथा बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में विधायक राहुल बच्चा सोनकर के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जन-जागरूकता रैलियां भी निकाली गईं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के जीवन और अस्तित्व के आधार भी हैं।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में इस वर्ष 35 करोड़ पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए कानपुर नगर जनपद को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप सभी सरकारी पौधशालाओं में 45 लाख से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले पौधों की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली गई है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने %एक पेड़ मां के नाम% अभियान के अंतर्गत सामूहिक रूप से पौधरोपण किया तथा पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों को पौधों के वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा, सिंचाई एवं नियमित देखरेख सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई गई।

# पेपर लीक घटनाओं के विरुद्ध कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

» बीपीएस न्यूज़




कानपुर। लगातार बढ़ती महंगाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कानपुर दक्षिण के गोविंद नगर स्थित शास्त्री चौक चौराहे पर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता और संयोजक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जे.पी. पाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं हरदीप सिंह पुरी के पोस्टर खच्चरों पर लगाकर सरकार की नीतियों के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। साथ ही ढोलक और मंजीरे की थाप पर सरकार विरोधी नारे लगाकर जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया । कांग्रेस प्रदेश महासचिव जे.पी. पाल ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और अनदेखी के कारण देश में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की परेशानियों के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है।कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आम नागरिकों की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर दिखाई दे रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और महंगाई तथा पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।इस दौरान राजेश सविता,मोनू पाल,बृजेश गुप्ता, अर्जुन प्रजापति,धर्मेंद्र सिंह, हल्लू, मोहित पाल, विनोद अवस्थी,वरुण पाल, अजय प्रकाश तिवारी,आलोक ठाकुर, अवधेश गुप्ता, अंतोष , विनय पाल, कमला यादव ,सोनू पंडित,मनोज दुबे,अनुज कुशवाहा, मिहिर झा, सोनू मारवाह, विमल यादव , नरेंद्र पाल , शुभम साहू, अजय दुबे ,भीम अंकित पाल सौरभ पाल बृजेश तिवारी,मन्नू चौहान, सुनील भाटी,मनोज कुशवाहा ,लक्ष्मी नारायण दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बिना भुगतान किए आइसक्रीम व गोलगप्पे खाने पर दोषी पुलिस कर्मी को किया गया निलंबित



कानपुर। सोशल मीडिया के माध्यम से एक प्रकरण संज्ञान में आया, जिसमें पीआरवी-9303 पर नियुक्त पुलिस कर्मी द्वारा कुछ ठेला विक्रेताओं से बिना भुगतान किए आइसक्रीम एवं गोलगप्पों का उपभोग किए जाने का आरोप प्रकाश में आया।

सहायक पुलिस आयुक्त कलक्टरगंज/डॉयल 112, आनन्द कुमार ओझा ने बताया कि प्रकरण का संज्ञान लेते हुए प्राथमिक जांच कराई गई, जिसमें संबंधित पुलिस कर्मी प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। तत्पश्चात पुलिस उपायुक्त मुख्यालय द्वारा संबंधित कर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की विस्तृत विभागीय जांच सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर को सौंपी गई है। जांच में प्राप्त तथ्यों एवं निष्कर्षों के आधार पर नियमानुसार आवश्यक विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# फर्जी आदेश प्रकरण में डीएम की सख्त कार्रवाई पेशकार निलंबित, एफआईआर हुई दर्ज

**खारिज प्रकरण में भूमि उपयोग परिवर्तन का फर्जी आदेश, खतौनी में फीडिंग से पहले हुआ खुलासा**

» बीपीएस न्यूज़

कानपुर। नर्वल तहसील में न्यायालय से खारिज हो चुके एक प्रकरण में जमीन को औद्योगिक घोषित करने का फर्जी आदेश तैयार किए जाने का मामला सामने आया है। उपजिलाधिकारी के हस्ताक्षर स्कैन कर तैयार किए गए इस कथित फर्जी आदेश को खतौनी में फीडिंग के लिए भी भेज दिया गया था। मामले की जांच में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाए जाने पर आरोपी पेशकार अनुज त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया है।




जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआई दर्ज किया गया है। आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 336(3), 337 एवं 340(2) के तहत नर्वल थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।मामले का खुलासा तब हुआ जब तहसील के कम्प्यूटर कक्ष में कार्यरत ऑपरेटर रोहित भदौरिया ने फीडिंग के लिए पहुंचे एक आदेश को संदिग्ध पाया। सूचना मिलने पर तहसीलदार ने जांच कराई। जांच में पता चला कि जिस आवेदन को आवश्यक शपथपत्र, सहमति पत्र और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने के कारण न्यायालय पहले ही निरस्त कर चुका था, उसी प्रकरण में ग्राम बिरहर की 0.41 हेक्टेयर भूमि को कृषि से अकृषक एवं औद्योगिक उपयोग के लिए घोषित करने का आदेश तैयार कर कम्प्यूटर कक्ष भेज दिया गया था।मामले की जांच उपजिलाधिकारी नर्वल विवेक कुमार मिश्रा ने स्वयं की। जांच में पाया गया कि फीडिंग के लिए भेजे गए आदेश पर बने हस्ताक्षर उनके नहीं थे, बल्कि उनके हस्ताक्षर स्कैन कर लगाए गए थे। आदेश का प्रारूप भी न्यायालय के अन्य आदेशों से अलग पाया गया। आरसीसीएमएस पोर्टल की जांच में संबंधित प्रकरण के निरस्त होने की पुष्टि हुई।जांच के दौरान उपजिलाधिकारी न्यायालय में तैनात वाचक/पेशकार अनुज त्रिपाठी से जवाब मांगा गया, लेकिन वह कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायालय की पत्रावलियों, अभिलेखों और आदेशों के रखरखाव तथा उनकी गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी वाचक की होती है। इसके बावजूद निरस्त प्रकरण में फर्जी आदेश तैयार कर उसे खतौनी में फीडिंग के लिए भेजे जाने के मामले में उनकी प्रथम दृष्टया संलिप्तता प्रतीत हुई।

# पुलिस लाइन में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया आयोजित

» बीपीएस न्यूज़

कानपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर Mission LiFE (Lifestyle for Environment) के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाइन, कमिश्नरेट कानपुर नगर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त श्री रघुबीर लाल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हरित आवरण बढ़ाने एवं स्वच्छ पर्यावरण के संरक्षण हेतु संकल्प लिया।


कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय संकल्प शर्मा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दिनेश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।















बीपीएस न्यूज़
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।